RNI नं. : 7387/63
मुद्रण तिथि : 29-30 अप्रैल 2024
डाक प्रेषण तिथि : 29 अप्रैल-01 मई 2024
ISSN : 2456-611X

वर्ष : 62 अंक : 02
मूल्य : ₹10/- पृष्ठ संख्या : 76
डाक पंजीयन संख्या : BIKANER/022/2024-26
Office Posted at R.M.S., Bikaner

राम चमकते भानु समाना

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ का मुखपत्र

श्रमणोपासक

समाचार पाक्षिक

संघ शिखर सदस्य

श्री शान्तिलाल जी सांड
बेंगलुरु
MID No. : 189067

श्री विमल जी सिपाणी
बेंगलुरु
MID No. : 127238

श्री रिद्धुकरण जी सिपाणी
बेंगलुरु
MID No. : 111161

श्री जयचन्दलाल जी डागा
बीकानेर
MID No. : 105289

श्री सोमप्रकाश जी नाहटा
सूरत
MID No. : 126222

श्रीमती मंजू जी शाह (बोहरा)
पिपलियाकलां
MID No. : 128972

स्व. श्री मूलचन्द जी डागा
बीकानेर
MID No. : 187427

समता मनीषी
स्व. श्री उमरावमल जी बम्ब, टोंक
MID No. : 121469

स्व. श्री विजयचन्द जी डागा
बीकानेर
MID No. : 120472

श्री माणकचन्द जी नाहर
उदयपुर
MID No. : 107109

श्रीमती कुमुद विमल जी सिपानी
बेंगलुरु
MID No. : 127237

श्री दिनेश जी सिपाणी
बेंगलुरु
MID No. : 111134

श्री पंकजराज जी शाह (बोहरा)
पिपलियाकलां
MID No. : 128966



गुप्त
छत्तीसगढ़
MID No. : 197441

श्री सुरेश जी दक
मैसूर
MID No. : 129730

संघ महाप्रभावक सदस्य

श्री ललितकुमारजी लोढ़ा
मदुरान्तकम्
MID No. 172830

श्री निर्मलकुमारजी भूरा
करीमगंज
MID No. 147618

श्री राजकुमारजी बच्छावत
नेपाल
MID No. 195443

स्व. श्री केशरीमलजी देशलहरा
दुर्ग
MID No. 142535


स्व. श्रीमती सुभद्रादेवी पगारिया
सूरत

श्री राजीवजी सूर्या
उज्जैन
MID No. 160544

श्री पुखराजजी मुकिम
जयपुर
MID No. 182624

श्री खूबचन्दजी पारख
राजनांदगाँव
MID No. 141590

श्री विनयजी अब्भाणी
चित्तौड़गढ़
MID No. 107376

श्री शांतिलालजी डागा
कोलकाता
MID No. 188697

श्री प्रकाशचंदजी सूर्या
उज्जैन
MID No. 160559

श्री उत्तमचंदजी रांका
जयपुर
MID No. 111353

श्री रावतमलजी संचेती
गंगाशहर
MID No. 123813

श्री सोहनलालजी पोखरना
चित्तौड़गढ़
MID No. 135732

श्री अनिलजी सिपानी
बेंगलुरु
MID No. 127002

श्री जयचंदलालजी मरोटी
देशनोक/कोलकाता
MID No. 114715

श्री शांतिलालजी बच्छावत
सूरत
MID No. 194606

श्री राजमलजी पंवार
कानवन
MID No. 113094

श्रीमती संतोषदेवी मोदी
भिलाई
MID No. 135692

श्री कमलजी बैद
मुंबई
MID No. 141022


श्री विजयजी (कमलादेवी)
गोलछा–बीकानेर
MID No. 127729

श्रीमती कमला उत्तमजी कोठारी
बेंगलुरु
MID No. 112429

चतुर्थ चरण


श्री प्रकाशजी कांकरिया
इन्दौर
MID No. 194512

स्व. श्रीमती सरोजदेवी
सुराणा–बेरला
MID No. 195647

श्री बसंतलालजी कटारिया
रायपुर
MID No. 137280

श्री विजयकुमारजी टंच
बदनावर
MID No. 113207

कार्यसमिति (10 जनवरी 2016) के अनुसार

तृतीय चरण * श्री अनिलकुमार जी गोलछा-सिलचर * श्री प्रकाशचंद जी कोठारी-अमरावती * श्रीमती कमला देवी संचेती-देशनोक/दिल्ली * श्री सुंदरलाल जी बोथरा-मुंबई * श्री गोपालचंद जी खिंवसरा-बेंगलुरु * स्व. श्री बापूलाल जी कोठारी-उदयपुर * श्री दिलीप जी पगारिया-जावरा * श्री प्रेमचंद जी व्होरा-बदनावर * श्री सोहनलाल जी रांका-ब्यावर * श्रीमती मधुलता जी लोढ़ा-डोंगरगाँव * श्री दिलीप जी ओस्तवाल-कलंगपुर * श्रीमती ज्ञानकँवर जी ओस्तवाल-ब्यावर

द्वितीय चरण * श्री तेज कुमार जी तातेड़-इंदौर * श्री पूनमचंद जी भूरा-भीलवाड़ा * श्री बसंतीलाल जी चंडालिया-चित्तौड़गढ़ * श्रीमती इंद्रा बाई धाड़ीवाल-रायपुर * श्रीमती सुनीता जी मेहता-बेलगाँव * श्री राजकुमार जी बाफना-हरदा * श्री विजय कुमार जी मुणोत-हैदराबाद * श्री चेतन कुमार जी हिंगड़-ब्यावर * श्री अभय कुमार जी भंडारी-जावरा * श्री अखराज जी ओस्तवाल-भिलाई * श्री भीखमचंद जी ओस्तवाल-कलंगपुर * श्री कँवरलाल जी देशलहरा-गुंडरदेही * श्रीमती मनोरमा देवी बैद-रायपुर * श्रीमती सुंदर बाई कोटड़िया-कोंडागाँव * श्री प्रकाशचंद जी श्रीश्रीमाल-हैदराबाद * श्री निहालचंद जी कोठारी-ब्यावर * श्री झंवरलाल जी कुम्मट-सिलचर * श्री निर्मल जी खिंवसरा-ब्यावर * श्री प्रकाशचंद्र जी चपलोत-निम्बाहेड़ा

प्रथम चरण * स्व. श्रीमती सूरजा देवी बरड़िया-सिलचर * श्री मनोज कुमार जी संचेती-बेलगाँव * श्री उदयराज जी पारख-रायपुर * श्री मुन्नालाल जी पँवार-कानवन * श्री भागचंद जी सिंघी-जोधपुर * श्री विमलचंद जी सुराणा-गीदम * श्री पीयूष जी बैद-कोलकाता * श्री सुधीर जी जैन-पिपलिया मंडी * श्री विनोद जी मिन्नी-कोलकाता * श्री अरुण जी मालू-कोलकाता * श्रीमती गुलाब देवी भंसाली-गंगाशहर * श्रीमती सुधा जी भंसाली-कोलकाता * गुप्त-बंगईगाँव

|| जय गुरु नाना || || जय महावीर || || जय गुरु राम ||

राम चमकते भानु समाना

अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव 2024 चित्तौड़गढ़ में

महत्तम महोत्सव

हुक्मसंघ के नवम् नक्षत्र, संयम के सजग प्रहरी, परमागम रहस्यज्ञाता, व्यसनमुक्ति प्रणेता, उत्क्रांति प्रदाता, गुणशील सम्प्रेरक परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. की असीम अनुकंपा से **10 मई 2024** को अक्षय तृतीया पारणा का प्रसंग **चित्तौड़गढ़ संघ** को प्राप्त हुआ है।

सभी स्थानीय संघों एवं वर्षीतप आराधक श्रावक-श्राविकाओं से करबद्ध निवेदन है कि इस पावन अवसर पर पधारकर वर्षीतप पारणा का लाभ लेवें। इस शुभ अवसर पर पधारने से आपको आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर सहित चारित्रात्माओं के दर्शन, वंदन एवं प्रवचन श्रवण का लाभ प्राप्त होना संभावित है। आपके आगमन व प्रस्थान की पूर्व सूचना नीचे दिए गए संपर्क सूत्र पर प्रदान कर व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।

:: संपर्क सूत्र ::
9414109331
9414110955
9413046409
9829244305

निवेदक
श्री साधुमार्गी जैन श्रावक संघ
श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ संघ
श्री साधुमार्गी जैन समता महिला मंडल
श्री साधुमार्गी जैन समता बहू मंडल
चित्तौड़गढ़ (राज.)

।। जय गुरु नाना ।। ।। जय महावीर ।। ।। जय गुरु राम ।।

आचार्य श्री रामेश पावन वर्षावास प्रसंग

हुक्मसंघ के नवम् नक्षत्र, संयम के सजग प्रहरी, परमागम रहस्यज्ञाता,
व्यसनमुक्ति प्रणेता, उत्क्रांति प्रदाता, गुणशील सम्प्रेरक

परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008
श्री रामलाल जी म.सा.

बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर
श्री राजेश मुनि जी म.सा

आदि ठाणा का पावन वर्षावास – 2024 का प्रसंग रखे जाने वाले समस्त आगारों सहित भीलवाड़ा संघ को प्राप्त हुआ है ।

सभी सम्मानित श्रावक–श्राविकाओं व संघों से विनती है कि इस पावन अवसर पर संघ एवं परिवार सहित पधारकर धार्मिकता तथा आध्यात्मिकता की भव्यता से अपने जीवन को आत्मकल्याण की ओर अग्रसर करें।

स्थानक - श्री महावीर सेवा समिति, अरिहंत भवन, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा
प्रवचन स्थल - रा.प्रा.वि. धांधोलाई, आर.सी. व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा

संयोजक	कार्यालय प्रमुख	चौका व्यवस्था	आवास-निवास व्यवस्था
सुरेंद्र कुमार संखलेचा	पूनमचंद भूरा	बसंत सेठिया	अमित बुच्चा • धीरज भूरा
94141-15394	शंभुलाल सुराणा	94141-15624	95713-90108
	95719-90108	मुकेश पगारिया	
		94605-76530	

निवेदक

श्री साधुमार्गी जैन श्रावक संघ, भीलवाड़ा

*** समता युवा संघ * समता महिला मंडल * समता बहू मंडल ***

आगम व तत्त्व संबंधी पुस्तकें



पुस्तक का नाम : **आगम-पाठनिर्णय-पद्धति**
तत्त्वावधान : **वाचकवृषभ श्रुतपारग आचार्य प्रवर श्री रामलाल जी म.सा.**
प्रकाशक : **आगम-अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान**
मूल्य : **₹2,100/-**
विषय : आगमों के पाठ निर्णय हेतु अपने आप में अनूठी यह पुस्तक आगम के पाठ निर्णय/संशोधन/शोध के क्षेत्र में काम करने वालों के लिए अति उपयोगी सिद्ध होगी।

श्रीमद् दशवैकालिक के संशुद्ध मूल पाठ सहित प्रस्तुत पुस्तक में आगमादि के शुद्ध पाठ का निर्णय किस तरह किया जाए, इसका उदाहरण सहित विस्तृत वर्णन है।

इस कार्य में सहायक हस्तगत ताड़पत्रीय प्रतियाँ (रंगीन चित्र सहित) व अन्य ग्रंथों का भी क्रमवार सुव्यवस्थित उल्लेख किया गया है।

पुस्तक का नाम : **श्रीदशवैकालिकसूत्रम्**
(मूल भावार्थ और विशेष टिप्पण सहित)
तत्त्वावधान : **वाचकवृषभ श्रुतपारग आचार्य प्रवर श्री रामलाल जी म.सा.**
प्रकाशक : **आगम-अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान**
मूल्य : **₹45/-**
विषय : आगम के शब्दादि का अर्थ करना मात्र अनुवाद नहीं है, बल्कि आगम के आशय को हृदयंगम करके कहाँ, किस शब्द का क्या अर्थ अपेक्षित है आदि अनेक बिंदुओं पर चिंतन, अन्वेषण के बाद भावार्थ को प्रमुखता देती हुई यह पुस्तक हमारे सामने हैं जिसमें साधु की निर्दोष भिक्षावृत्ति की जो भ्रमर से तुलना है वह निःसंकोच श्रावकगण व सुपात्र दान की भावना रखने वालों के लिए एक अमूल्य उपहार साबित होगी, ऐसा हमारा विश्वास है।



आगम व तत्त्व संबंधी पुस्तकें



पुस्तक का नाम : **कर्म बंध और हमारा जीवन**
तत्त्वावधान : **जिनशासन के अद्वितीय सारथी आचार्य प्रवर श्री रामलाल जी म.सा.**
प्रकाशक : **आगम-अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान**
मूल्य : ₹100/-
विषय : कर्म बंध के कारणों को जानने के साथ-साथ उनसे बचने के सरल उपाय, जो दैनिक जीवन में अति उपयोगी सिद्ध होंगे। रंगीन, सचित्र प्रस्तुति के साथ यह पुस्तक हर आयु वर्ग के लिए अवश्य पठनीय है।

पुस्तक का नाम : **कर्म प्रज्ञप्ति-1, प्रवेश ग्रंथ खंड 1 : अध्याय 1-4**
तत्त्वावधान : **सुपरिज्ञातकर्मा, श्रुतपारग आचार्य प्रवर श्री रामलाल जी म.सा.**
प्रकाशक : **आगम-अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान**
मूल्य : ₹100/-
विषय : कर्म क्या है? इस सामान्य से, किंतु अति जिज्ञासु प्रश्न के समाधान सहित **8 कर्मों का परिचय**, **कर्म बंध के 85 कारणों** तथा **8 कर्मों की 148 प्रकृतियों** का सुविस्तृत व प्रामाणिक विवेचन।

अन्य पुस्तकें

आगम परिचय, जैन सिद्धांत बत्तीसी – हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, आगम स्तोक मंजूषा भाग 1 से 8 (श्रीमत् प्रज्ञापना सूत्र एवं श्रीमद् भगवती सूत्र के थोकड़े) आदि पुस्तकें

दीक्षा महोत्सव निवेदन

शास्त्रज्ञ, तरुण तपस्वी, प्रशांतमना परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. के पावन सान्निध्य में **09 जून 2024** को **बेगूँ, जिला चित्तौड़गढ़** की पावन धरा भव्य जैन भागवती दीक्षा प्रसंग होना संभावित है। सभी सम्मानित श्रावक-श्राविकाओं एवं स्थानीय संघों से करबद्ध निवेदन है कि इस अवसर पर सपरिवार एवं ससंघ पधारकर दीक्षा साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त कर कर्मनिर्जरा का लाभ लेवें। इस पावन अवसर पर पधारने से आपको अत्र विराजित चारित्रात्माओं के दर्शन-वंदन का लाभ सहज ही प्राप्त हो सकेगा।

वरदीचंद कोठारी	नेमीचंद आंचलिया	दिनेश आंचलिया
9414733769	7023400590	9460163421

धीरज नाहर	आवास-निवास व्यवस्था	शैलेंद्र आंचलिया
9414730547		9001859020

निवेदक

* श्री साधुमार्गी जैन संघ
* समता युवा संघ

बेगूँ
चित्तौड़गढ़ (राज.)

* समता महिला मंडल
* समता बहू मंडल



:: अनुक्रमणिका ::

रुक्मिणी विवाह.....10
ज्ञान सार : श्रीमद् भगवतीसूत्र..... 14
श्रमणोपासक हेडलाइंस..... 16
गुरुचरण विहार.....17
विविध समाचार..... 32
विविध भेंट मार्फत..... 38
विनम्र श्रद्धांजलि..... 51
श्री अ.भा.सा. जैन महिला समिति..... 53
श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ..... 60
विहार सूची..... 62

शोभा

सुविचार

साधुओं की शोभा होती, त्याग व तपस्या मांही।
श्रावकों की शोभा प्रेम-दान में बताई है।।
अंत्यजों की शोभा सेवा, धर्म में सुनो रे भाई।
ब्राह्मणों की शोभा ब्रह्मज्ञान में गिनाई है।।
साख्र होवे पूरी-पूरी, बनियों की शोभा तब।
क्षत्रियों की शोभा पर-जान जो बचाई है।।
निज के कर्तव्य छोड़, पर करतब करे।
मुनि गौतम गरिमा, उनकी नसाई है।।

साभार– वीर कहे गौतम से

चिंतन

अननुभूत सुख : अव्याबाध

–परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा.

अव्याबाध सुख = जिस सुख में निरंतरता बनी रहती है, जिसमें कोई व्यवधान नहीं आता। ऐसा सुख सिद्ध भगवंतों का माना गया है। ऐसे सुख का अनुभव स्वल्प भी जिसने नहीं किया, वह सुख के प्रति कैसे अनुरक्त हो, यह एक प्रश्न उभरता है। वस्तुतः संसारी जीवों ने उस सुख का स्वाद चखा ही नहीं, जाना ही नहीं तो उसके भाव अव्याबाध सुख के लिए कैसे बनें? अतींद्रिय विषय की, अनुभूत विषय के प्रति भी किसी के द्वारा कहे जाने पर, बताए जाने पर जिज्ञासा जाग्रत हो जाती है। उदाहरण के तौर पर बही खातों में पूर्वजों द्वारा कुछ रकम जमीन में गड़े होने का संकेत हो तो उसे पाने के लिए व्यक्ति उद्यत होता है या नहीं? होता है। किसी फिल्म के विषय में उसके विज्ञापन को देखकर उसे देखने की चाह जगती है या नहीं? जगती है। वैसे ही तीर्थंकर भगवंतों द्वारा बताए गए अव्याबाध सुख के विषय में भी जीव की प्रवृत्ति होती है। जो तीर्थंकर भगवंतों पर विश्वास रखता है, वह निश्चित तौर पर अव्याबाध सुख पर भी विश्वास करता है। उसे पाने के तरीकों को भी जानने का प्रयत्न करता है।

वर्तमान में कहूँ या संसारी जीव के लिए कहूँ, पाँच इंद्रियों के विषयों में जब तक वह लीन रहता है, तब तक उसे अव्याबाध सुख का अनुभव नहीं हो सकता। साध्वी मृगावती भगवान महावीर में लीन हो गई, उस समय वह अन्य विषयों की तरफ से प्रतिमुख हो गई थी। वह थी व भगवान थे। वह भगवान की भगवत्ता का रसास्वादन कर रही थी। वह आनंद अपूर्व था, अद्भुत था। वैसा आनंद उसे पूर्व में प्राप्त नहीं हुआ था। अव्याबाध सुख की झलक ध्यान के क्षणों में व्यक्ति कभी भी पा सकता है। कदाचित् पाए या न पाए, पर तीर्थंकरों की वाणी से तो वह उस पर श्रद्धा करता ही है। प्रयत्न करने पर वह उसे पा भी सकेगा, पर उसके लिए बाह्य रस, जो पौद्गलिक है, उससे उपरत होना होगा। जब तक उसमें मन रमा रहेगा तब तक अव्याबाध सुख का स्वाद मिलना कठिन है।

फाल्गुन शुक्ल 5, रविवार, 13.03.2016

साभार- आरोह



धर्मदेशना

रुक्मिणी विवाह

कुण्डिनपुर में

29-30 मार्च 2024 अंक से आगे....

-परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री जवाहरलाल जी म.सा.

रुक्मिणी- ''माता विवाह का अर्थ है अपने आपको किसी को समर्पित करना। मैं अपने आपको श्रीकृष्ण को समर्पित कर चुकी हूँ और जब मैं श्रीकृष्ण को समर्पित हो चुकी हूँ, तब आपका कहना मानकर अपने आपको किसी दूसरे को समर्पित करना दूसरा विवाह नहीं तो और क्या है?''

माता- ''तेरा.... और कृष्ण को समर्पण? बेटी कुछ विचार तो कर कि कहाँ तू और कहाँ कृष्ण? तू क्षत्रिय कन्या है और उसके तो माता-पिता का भी पता नहीं है। तू सुंदरी है, वह कुरूप है। तू गोरी है, वह काला है। तेरा और उसका जोड़ किसी भी तरह नहीं जुड़ता। कोई तेरा यह विचार सुनेगा तो क्या कहेगा?''

रुक्मिणी- ''कोई कुछ भी कहे, मेरे लिए तो श्रीकृष्ण ही पति हैं। आप उनके कुल, रूप आदि के विषय में जो कुछ कहती हैं, वह ठीक नहीं है। इस विषय की सब बातें मुझे नारद जी से मालूम हो चुकी हैं। कदाचित् आपका कथन ठीक भी हो, तब भी प्रेम न तो जात-पात देखता है, न ही सुंदर-कुरूप। प्रेमी को तो प्रिय वही लगता है, जिससे वह प्रेम करता है। इसके सिवाय शरीर का काला-गोरा रंग मनुष्य की अच्छाई-बुराई का कारण नहीं हो सकता। न तो सब काले आदमी बुरे होते हैं, न सब गोरे आदमी अच्छे, बल्कि कहीं-कहीं गोरे की अपेक्षा काले का महत्त्व अधिक है। आँख की पुतलियाँ यदि काली नहीं हों, सफेद हों, तो अंधा बनना पड़ेगा। सिर के केश यदि काले से उज्ज्वल हो जाएँ तो अशक्तता के पंजे में फँसना पड़ेगा। काली कस्तूरी को सभी चाहते हैं, लेकिन सफेद संखिया केवल मरने की इच्छा करने वाला ही चाहता है। कृष्ण यदि काले हैं तो मेरे लिए हैं, दूसरे को इसकी व्यर्थ चिंता क्यों?

माता- ''यदि ऐसा ही था तो मुझे पहले कह देना चाहिए था। आज जब बारात आ रही है, तेरा यह ढंग कैसे ठीक है? यदि तू ऐसी हठ पकड़कर बैठ जाएगी तो इसका परिणाम क्या होगा, यह तो विचार कर?''

रुक्मिणी- ''माता! मुझसे किसी ने पूछा ही कब था, जो मैंने नहीं कहा? मुझसे बिना पूछे चुपचाप छिपाकर टीका भेज दिया और अब कहती हो कि पहले क्यों नहीं कहा? बल्कि टीका चढ़ जाने के बाद जब मेरी सखियों ने मुझसे टीका चढ़ जाने का समाचार सुनाया था तब मैंने उसी समय मेरे ये विचार प्रकट कर दिए थे, जो आपको मालूम भी हो गए थे। फिर भी आपने इस विषय में कोई विशेष विचार नहीं किया और अब मेरे सिर पर दोष रखती हो। रही परिणाम की बात तो मुझे परिणाम का किंचित् भी भय नहीं है। मुझे शरण देने के लिए मृत्यु मेरे समीप ही खड़ी रहती है, फिर मैं परिणाम का भय क्यों करूँ? परिणाम का भय तो उसे हो सकता है जो मरने से डरती हो। मैं तो पहले ही कह चुकी हूँ कि यह शरीर यों तो कृष्ण को अर्पण है, परंतु यदि उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया और किसी दूसरे ने इस पर

अपना अधिकार जमाना चाहा तो फिर मैं यह शरीर अग्नि को समर्पित कर दूँगी, लेकिन जीवित रहती हुई तो इस पर दूसरे का अधिकार नहीं होने दूँगी।''

रुक्मिणी की माता को रुक्मिणी के उत्तर से बहुत निराशा हुई। उसने विचार किया कि अभी रुक्मिणी उद्विग्न है। इसलिए इस समय इससे अधिक बातचीत करना ठीक नहीं। इसे शांत होने देना अच्छा है। इस प्रकार विचार कर वह वहाँ से यह कहती हुई चली कि रुक्मिणी मेरी बात का उल्लंघन करेगी, यह आशा मुझे स्वप्न में भी नहीं थी। रुक्मिणी ने भी वहाँ से जाती हुई माता को उसकी बात के उत्तर में सुना दिया कि मुझे मेरा जीवनसाथी चुनने के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा, यह आशंका मुझे स्वप्न में भी नहीं थी।

एकांत में रुक्मिणी की माता विचारने लगी कि रुक्मिणी को समझाने के लिए क्या उपाय किया जाए। दूसरे दिन उसने रुक्म की पत्नी को रुक्मिणी के पास उसे समझाने के लिए भेजा। रुक्मिणी की भावज ने भी हँसी-दिल्लगी करते हुए रुक्मिणी को खूब समझाया, परंतु उसे भी निराश ही लौटना पड़ा। रुक्मिणी की माता ने विवश होकर सब हाल रुक्म से कह दिया। रुक्म ने विचार किया कि इस समय रुक्मिणी को समझाना ठीक नहीं होगा। अभी तो बारात की अगवानी करनी चाहिए। संभव है कि बारात आ जाने पर शिशुपाल और बारात को देखकर रुक्मिणी का हृदय पलट जाए। बारात और शिशुपाल को देखकर भी यदि रुक्मिणी ने अपना विचार नहीं बदला तो फिर मैं समझाऊँगा और यदि मेरे समझाने पर भी नहीं समझी तब बल प्रयोग करूँगा। इस प्रकार विचार कर रुक्म ने अपनी माता से रुक्मिणी को फिर समझाने के लिए कहा और स्वयं बारात की अगवानी के लिए तैयारियाँ कराने लगा।

शिशुपाल की बारात चंदेरी से कुण्डिनपुर के लिए निकल चुकी थी। ज्योतिषी, भावज, नारद जी और पत्नी ने तो शिशुपाल को कुण्डिनपुर जाने से रोका ही था, मार्ग में प्रकृति ने भी अपशकुनों द्वारा कुण्डिनपुर जाने का निषेध किया। फिर भी शिशुपाल जब नारद जी जैसे महर्षि की बात ठुकरा चुका था, तब वह अपशकुनों को कब मानने वाला था! अनेक भयंकर अपशकुनों की अवहेलना करता हुआ शिशुपाल बारात सहित कुण्डिनपुर के समीप पहुँच गया।

मार्ग में उसकी सुंदर बारात देखकर दर्शकगण खूब प्रशंसा करते थे, परंतु उन्हें क्या पता कि इस बारात का भविष्य बुरा है और इस बारात का दुलहा हठपूर्वक एक कन्या से उसकी इच्छा के विरुद्ध विवाह करने के लिए जा रहा है। इसलिए जब यह परास्त होकर लौटेगा तब सब बात मालूम होने पर हमें इसकी निंदा भी करनी पड़ेगी।

इधर रुक्म ने जब सुना कि अब बारात कुण्डिनपुर से थोड़ी ही दूरी पर है, तब वह भी सज-धज के साथ बारात की अगवानी करने के लिए चला। उसके साथ ही सेना, सजे हुए हाथी, घोड़े और पुर-परिजनों को देखकर यही अनुमान हो रहा था जैसे यह भी एक बारात है, जो चंदेरी से आने वाली बारात से संगम करने जा रही है। कुण्डिनपुर के समीप चंदेरी और कुण्डिनपुर के मार्ग में शिशुपाल और रुक्म का सम्मिलन हुआ। रुक्म के साथियों ने शिशुपाल की बारात के लोगों का खूब आदर-सत्कार किया। रुक्म और शिशुपाल भी मिलकर बहुत प्रसन्न हुए। रुक्म कहने लगा कि इस अवसर पर आपने पधारकर मुझ पर बहुत बड़ा उपकार किया है। यह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि मेरे पत्र का सम्मान करके आपने मेरी और क्षत्रिय कुल की प्रतिष्ठा बचाई है। पिता से मेरा मतभेद हो गया था क्योंकि वे बहन का विवाह उस ग्वाले के साथ करना चाहते थे, परंतु मैं यह कैसे होने दे सकता था? यदि ऐसा हो जाता तो क्षत्रियों की नाक कट जाती। मैंने पिता की बात का विरोध तो किया था, परंतु यदि आप मेरी बात नहीं मानते तो मेरा वह विरोध निरर्थक होता। आज मैं अपने को धन्य मान रहा हूँ। आपने पूरी तरह मित्रता निभाई और यहाँ पधारकर मेरा घर पवित्र किया, नहीं तो कहाँ आप और कहाँ मैं तुच्छ! मेरे यहाँ आप पधारें, यह सद्भाग्य कहाँ!

इस प्रकार रुक्म ने शिशुपाल की खूब प्रशंसा की। अपनी प्रशंसा सुनकर शिशुपाल प्रसन्न हो रहा था।

रुक्म द्वारा की गई प्रशंसा के उत्तर में वह भी रुक्म की प्रशंसा करते हुए कहने लगा कि आप क्षत्रिय कुलभूषण हैं। आपने इस समय क्षत्रिय जाति को कलंकित होने से बचाया है और वह भी विरोधों को सहकर। आपके बुलाने से आकर मैंने कोई प्रशंसनीय कार्य नहीं किया है। आप तो मेरे लिए इतना विरोध सहें और मैं इतना भी नहीं करूँ? फिर मित्रता का परिचय देने का समय ही कौनसा होता? आपने जिस कार्य का पक्ष लिया, उसमें सहायता करना मेरा साधारण कर्त्तव्य है। ऐसा विचार कर ही मैंने विवाह करने की आवश्यकता नहीं होने पर भी आपका भेजा हुआ टीका स्वीकार कर लिया।

रुक्म तथा शिशुपाल परस्पर प्रशंसा करते हुए बारात की अगवानी के लिए गए हुए लोगों सहित कुण्डिनपुर आए। कुण्डिनपुर के नर-नारी बारात देखने के लिए उमड़ पड़े। राजपरिवार की स्त्रियाँ भी महल की छत से बारात देखकर बारात की प्रशंसा कर रही थीं और रुक्मिणी के भाग्य की सराहना कर रही थीं, परंतु रुक्मिणी अपने महल में उदास बैठी थी।



उसे किंचित् भी प्रसन्नता नहीं थी। रुक्म ने सुंदर सजे हुए महल में शिशुपाल और साथ आए राजाओं आदि को यथायोग्य स्थान पर ठहराया व खान-पान आदि की समुचित व्यवस्था करके स्थान-स्थान पर अपनी ओर से सेवक नियुक्त कर दिए। रुक्म के सुप्रबंध से शिशुपाल और उसकी बारात को बहुत संतोष हुआ।

शिशुपाल रुक्म के सद्व्यवहार और उसकी नम्रता की बार-बार सराहना करते हुए कहता था कि अच्छा हुआ जो मैंने ज्योतिषी, भावज अथवा नारद जी की बात नहीं मानी। यदि उनकी बात मानकर मैं कुण्डिनपुर नहीं आता तो मुझे ऐसा संबंधी कैसे मिलता? उस दशा में तो ऐसे श्रेष्ठ संबंध से वंचित ही नहीं रहता, अपितु रुक्म को अपना शत्रु बना लेता और एक क्षत्रिय कन्या को ग्वाले के हाथ पड़ने का कारण भी बनता।

रुक्म और शिशुपाल में फिर बातें होने लगीं। रुक्म कहने लगा कि आपको मैंने विवाह तिथि से इतने दिन पहले बुलाना इसलिए आवश्यक समझा कि पिताजी विवाह कार्य से तटस्थ और असहमत हैं। संभव है कि वे उस ग्वाले को किसी प्रकार का संदेश भेज दें अथवा वह ग्वाला स्वयं ही निर्लज्जतापूर्वक यहाँ आ जाए तो विघ्न हो जाएगा। अब आपके आ जाने से किसी को विघ्न करने का दुस्साहस नहीं हो सकता। कदाचित् वह ग्वाला आ भी गया तो मेरी और आपकी सम्मिलित शक्ति के सम्मुख उसे आत्मसमर्पण करना पड़ेगा।

शिशुपाल- ''हाँ, आपने बहुत बुद्धिमानी और दूरदर्शिता से काम लिया है। यदि वह ग्वाला यहाँ आ जाए तो मुझे आपकी बहन रूपी लक्ष्मी के साथ ही विजयलक्ष्मी भी प्राप्त होगी और कृष्ण के मारे जाने से या अधीन होने से महाराज जरासंध का भी प्रेम बढ़ेगा। आपने मुझे पहले बुलाकर बड़ा अच्छा किया। मैं अपने साथ सेना भी ऐसी लाया हूँ कि जो एक बार मृत्यु से भी युद्ध कर सकती है। मेरे अजेय योद्धाओं के सम्मुख वह ग्वाला चीज ही क्या है? आप किंचित् भी भय या संदेह मत रखिए और विवाह की तैयारी करवाइए।''

रुक्म- ''विवाह की तो सब तैयारी है, केवल बहन का दिमाग किसी ने बिगाड़ दिया है। इसलिए उसने तेल नहीं चढ़वाया है, परंतु यह कोई चिंता योग्य बात नहीं है। विवाह तिथि अभी दूर है, इसलिए मैंने बहन पर किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला, न उसे समझाया है। मेरा विश्वास है कि अब वह आपको और आपकी बारात को देखकर प्रसन्नतापूर्वक तेल

चढ़वाना स्वीकार कर लेगी। मेरी सम्मति है कि आप अपनी बारात को एक बार जुलूस के रूप में नगर में निकालिए, जिससे नगर के नर-नारी भी आपको तथा बारात को देख लें और बहन भी देख ले।''

रुक्म की यह बात सुनकर शिशुपाल के हृदय को एक धक्का-सा लगा। अपने साथ विवाह करने के लिए रुक्मिणी को असहमत जानने के पश्चात् उसे उचित तो यह था कि वह रुक्म की बात अस्वीकार कर देता और कह देता कि जब आपकी बहन मुझे नहीं चाहती तब उसको पाने के लिए मैं किसी प्रकार की चेष्टा क्यों करूँ? जिस प्रकार द्रौपदी स्वयंवर में कर्ण ने धनुष उठाकर चढ़ा भी लिया था और राधावेध/लक्ष्यवेध करने की शक्ति भी रखता था, फिर भी द्रौपदी को अपनी पत्नी बनने के लिए असहमत देखकर दुर्योधन की बहुत प्रेरणा होने पर भी उसने राधावेध/लक्ष्यवेध नहीं किया था। उसी प्रकार शिशुपाल का भी कर्तव्य था कि वह भी रुक्मिणी को पाने की चेष्टा नहीं करता और घर लौट जाता, लेकिन धर्म और नीति को तो वह पहले ही पददलित कर चुका था। वह चंदेरी में ही रुक्मिणी की असहमति जान चुका था। यदि उसे रुकना होता तो वहीं रुक जाता, परंतु उसने स्त्रियों को अपने भोग की सामग्री मान रखा था और इस कारण वह स्त्रियों की इच्छा की अपेक्षा करना उसी प्रकार अनावश्यक समझता था, जिस प्रकार मांसाहारी लोग पशु-पक्षी की इच्छा की अपेक्षा नहीं करते।

रुक्म की बात के उत्तर में शिशुपाल ने पूछा- ''आपकी बहन ने अभी तेल नहीं चढ़वाया है?''

रुक्म- ''नहीं, जान पड़ता है कि वह पिताजी के बहकावे में आकर उस ग्वाले को चाहती है।''

शिशुपाल- ''मैं आपके कथनानुसार बारात का जुलूस तो निकालूँगा ही, परंतु यदि इस कार्य का कोई यथेष्ट परिणाम नहीं निकला तो?''

रुक्म- ''न निकले ! फिर बल प्रयोग का उपाय तो है ही। एक कन्या की ताकत ही क्या है? मैंने आपको व्यर्थ ही नहीं बुलाया है, न आप व्यर्थ ही बारात सजाकर आए हैं। कोई काम जब तक सुगम उपाय से हो जाए, तब तक उसके लिए किसी कठिन उपाय का अवलंबन लेना उचित नहीं है।''

साभार- श्री जवाहर किरणावली-5 (रुक्मिणी-विवाह)

-क्रमशः

रचनाएँ आमंत्रित

500-1000 शब्द सीमा

आप संघ के मुखपत्र के नियमित पाठक हैं यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। श्रमणोपासक के धार्मिक अंक विभिन्न विषयों पर आधारित होते हैं। आगामी धार्मिक अंक **'महत्तम व्यक्तित्व : • व्यक्तित्व से कृतित्व की ओर • हमारा व्यक्तित्व कैसा हो • दिखावे का चक्रव्यूह'** पर आधारित रहेगा।

सम्माननीय पाठकगण अपनी रचनाएँ शीघ्रातिशीघ्र भिजवाने का लक्ष्य रखें। इन विषयों पर आलेख के साथ-साथ आप अपने अनुभव एवं संस्मरण भी भिजवा सकते हैं। यदि आपके पास श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ द्वारा साधुमार्गी परिवारों को जारी M.I.D. (ग्लोबल कार्ड) नं. हो तो उसका उल्लेख अवश्य ही करें। प्राप्त मौलिक एवं सारगर्भित रचनाओं को समाहित करने का लक्ष्य रहेगा। विषय संदर्भित आपकी रचनाएँ- लेख, कविता, भजन, कहानी आदि **मो.: 9314055390, email : news@sadhumargi.com** पर हिंदी व अंग्रेजी में सादर आमंत्रित हैं। उल्लेखित विषयों के अलावा भी आपकी सारगर्भित रचनाएँ भी आमंत्रित हैं।

-श्रमणोपासक टीम

श्रीमद् भगवतीसूत्र प्रश्नमाला

संकलनकर्ता -
कंचन कांकरिया, कोलकाता

29-30 मार्च 2024 अंक से आगे....

ज्ञान का वर्णन शतक 8 उद्देशक 2

पूर्वापर संबंध – ज्ञान के ही भेदों का वर्णन किया जा रहा है। इस उद्देशक के मूल पाठ में श्रीमद् नंदीसूत्र का अतिदेश (भोलावण) किया गया है, तदनुसार प्रस्तुत वर्णन है।

मतिज्ञान

प्र.2459 व्यंजनावग्रह को मतिज्ञान के भेद में क्यों लिया गया है?

उत्तर ज्ञान की पूर्व भूमिका होने के कारण अर्थात् पुद्गलों से संबंध के बिना ज्ञान नहीं हो सकता है, इसलिए व्यंजनावग्रह को ज्ञान में लिया गया है।

प्र.2460 क्या व्यंजनावग्रह के बाद अर्थावग्रह, ईहा, अवाय, धारणा क्रमानुसार ही होते हैं?

उत्तर हाँ, क्रमानुसार ही होते हैं।

प्र.2461 अर्थावग्रह का संधि विच्छेद कीजिए।

उत्तर अर्थ – कारण + अवग्रह - बोध, ज्ञान।

प्र.2462 अर्थावग्रह किसे कहते हैं?

उत्तर प्रारंभिक ज्ञान अर्थात् जिसके कारण वस्तु का सामान्य (अव्यक्त) बोध हो, उसे अर्थावग्रह कहते हैं।

प्र.2463 अर्थावग्रह से स्पष्ट बोध क्यों नहीं होता है?

उत्तर अर्थावग्रह की स्थिति एक समय ही है, इसलिए अर्थावग्रह मतिज्ञान से छद्मस्थों को व्यक्त (स्पष्ट) बोध नहीं होता है।

प्र.2464 ईहा और अवाय मतिज्ञान की स्थिति कितनी है?

उत्तर अंतर्मुहूर्त्त।

प्र.2465 श्रोतेंद्रिय अर्थावग्रह का वर्णन कीजिए।

उत्तर शब्द का प्रारंभिक ज्ञान होना श्रोतेंद्रिय अर्थावग्रह कहलाता है। इसी प्रकार शेष चार इंद्रियों का अर्थावग्रह कहना चाहिए।

प्र.2466 नोइंद्रिय (मन) अर्थावग्रह का वर्णन कीजिए।

उत्तर नोइंद्रिय अर्थावग्रह की स्थिति एक समय है। एक समय में मन का स्पष्ट ज्ञान नहीं हो सकता है।

प्र.2467 मन को नोइंद्रिय क्यों कहते हैं?

उत्तर संस्कृत कोष में 'नो' शब्द के दो अर्थ कहे गए हैं। यथा- नहीं और ईषत् (अल्प, थोड़ा)। इंद्रियाँ ज्ञान का माध्यम हैं। यह गुण मन में भी है, किंतु इंद्रियों की रचना होती है, मन की नहीं। इसलिए मन को 'नोइंद्रिय' कहते हैं अर्थात् इंद्रियों का अल्प गुण मन में भी है।

प्र.2468 क्या अर्थावग्रह के बाद ईहा, अवाय, धारणा निश्चित रूप से होते हैं?

उत्तर नहीं, अर्थावग्रह के बाद जिज्ञासा न हो या विषयांतर हो जाए या काल कर जाए तो ईहा आदि नहीं होते हैं। जैसे-

1. किसी ने सिर्फ अवग्रह किया।
2. किसी ने अवग्रह, ईहा किया।
3. किसी ने अवग्रह, ईहा, अवाय किया।
4. किसी ने चारों यानी धारणा भी की।

इसी प्रकार ईहा और अवाय का भी उपयोगपूर्वक समझना चाहिए।

प्र.2469 इंद्रियों को अवग्रह, ईहा आदि का बोध किस प्रकार होता है?

उत्तर मति-श्रुतज्ञानावरणीय और चक्षु-अचक्षु दर्शनावरणीय कर्म के क्षयोपशम के कारण इंद्रियों का बोध होता है।

प्र.2470 द्रव्य इंद्रियों की प्राप्ति कौनसे कर्म के उदय से होती है?

उत्तर अंगोपांग नामकर्म के उदय से इंद्रियों की प्राप्ति होती है।

प्र.2471 क्या असंज्ञी जीवों में अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा होता है?

उत्तर असंज्ञी जीवों में इंद्रिय संबंधी अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा होता है, किंतु मन संबंधी अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा नहीं होता है।

प्र.2472 एकेंद्रिय यावत् असंज्ञी पंचेंद्रिय के अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा का वर्णन कीजिए।

उत्तर एकेंद्रिय में एक इंद्रिय का, बेइंद्रिय में दो इंद्रियों का यावत् असंज्ञी पंचेंद्रिय में पाँचों इंद्रियों का अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा होता है।

प्र.2473 मतिज्ञान के कुल कितने भेद हैं?

उत्तर 1) अर्थावग्रह, ईहा, अवाय, धारणा – ये चारों 5 इंद्रिय और मन से होते हैं। अत: $6 \times 4 = 24$ भेद अर्थावग्रह के,

2) चक्षु को छोड़कर शेष 4 इंद्रियों से व्यंजनावग्रह होता है। अत: $24 + 4 = 28$ भेद,

3) 1. बहु, 2. अबहु, 3. बहुविध, 4. अबहुविध, 5. क्षिप्र, 6. अक्षिप्र, 7. निश्रित, 8. अनिश्रित, 9. संदिग्ध, 10. असंदिग्ध, 11. ध्रुव, 12. अध्रुव $= 12 \times 28 = 336$ भेद श्रुत निश्रित मतिज्ञान के +

4) चार भेद अश्रुत निश्रित (बुद्धि) के = कुल 340 भेद मतिज्ञान के होते हैं।

यद्यपि जातिस्मरणज्ञान धारणा के अंतर्गत है। किंतु ग्रंथों में स्पष्टता से वर्णन करने के अभिप्राय से इसे अलग गिनकर 341 भेद भी बताए हैं।

प्र.2474 बहु व अबहु मतिज्ञान किसे कहते हैं?

उत्तर बहु - अनेक, अबहु - एक। एक काल में अनेक पदार्थों को जानने वाला अवग्रह, ईहा आदि ज्ञान बहु मतिज्ञान है और एक पदार्थ को जानने वाला अबहु मतिज्ञान है। ये दोनों भेद संख्या की अपेक्षा हैं।

प्र.2475 बहुविधग्राही व अबहुविधग्राही किसे कहते हैं?

उत्तर एक काल में एक या अनेक पदार्थों को लंबाई-चौड़ाई आदि अनेक प्रकार से जानना बहुविधग्राही मतिज्ञान है और एक प्रकार से जानना अबहुविधग्राही मतिज्ञान है। ये दोनों भेद पर्याय की अपेक्षा हैं।

साभार- श्रीमद् भगवतीसूत्र प्रश्नमाला

-क्रमश:

राम चमकते भानु समाना

श्रमणोपासक हेडलाइंस

- भदेसर में संथारा साधिका साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. के संथारे का 24 अप्रैल को 47वें दिन। संथारा अपूर्व धर्मोद्योत के साथ गतिमान। गुरुवर के पावन दर्शन कर धन्य हुई संथारा साधिका।
- मेवाड़ के अनेक क्षेत्रों को पावन करते हुए परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. का अक्षय तृतीया पारणा एवं अभिमोक्षम् शिविर के पावन अवसर पर चित्तौड़गढ़ पधारना संभावित।
- आचार्य भगवन् ने सामायिक में मन नहीं लगने की समस्या का समाधान फरमाया- सामायिक काल के 48 मिनट का विभाजन 15 मिनट स्वाध्याय, 15 मिनट माला, 5 मिनट दिन के कृत्य कर्मों पर चिंतन, 5 मिनट भविष्य निर्धारण, 8 मिनट समता साधना एवं स्वचिंतन आदि में करना।
- उपवास, बेला, तेला, संवर, आयंबिल आदि में लोग ले रहे उत्साहपूर्वक भाग। जैन-जैनेतर गुरु सान्निध्य का उठा रहे भरपूर लाभ। त्याग-प्रत्याख्यानों की मच रही होड़।
- भदेसर में गुरु दर्शनार्थ पधारे मुमुक्षु भाई सौरभ जी संचेती, दुर्ग का एक अलग कार्यक्रम में श्री साधुमार्गी जैन संघ के पदाधिकारियों द्वारा शानदार अभिनंदन। अन्य अनेक स्थानों पर भी हुआ अभिनंदन।
- सांवलिया जी मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन भैरूलाल जी गुर्जर, भीलवाड़ा के कर्नल राजेंद्र जी मुर्मा, पूर्व विधायक देवीलाल जी धाकड़, गरोठ-मंदसौर, समता युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अनेक गुरुभक्तों ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लेकर विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।
- उदयपुर संघ की ओर से '**राम आए थे**' मनमोहक कार्यक्रम के माध्यम से आचार्य प्रवर के उदयपुर चातुर्मास की विशिष्टताओं को आत्मसात् करने का अभिनव प्रयास। आयोजन में लगभग 1000 साधुमार्गी सदस्यों की उपस्थिति।
- रियल रामेश रत्नम् प्रतियोगिता के विजेता समता संस्कार पाठशाला, खिरकिया के बालक आगम रांका ने स्वाध्यायी सेवा से किया गौरवान्वित।
- आचार्य श्री रामेश के ब्यावर चातुर्मास के प्रवचनों पर आधारित नवीन साहित्य '**नयतां वरः**' का विमोचन 25 मार्च को मंगलवाड़ चौराहा में संघ प्रमुखों एवं मुमुक्षु सौरभ जी संचेती के करकमलों से संपन्न।

ज्ञान ही सुख की खान है - आचार्य श्री रामेश
जीवन में बदलाव जरूरी - उपाध्याय प्रवर

युगनिर्माता आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा. द्वारा मेवाड़ क्षेत्र में अपूर्व धर्म प्रभावना

भदेसर में संथारा साधिका साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. का संथारा निरंतर गतिमान

समता भवन एवं ओस्तवाल परिसर, मंगलवाड़ चौराहा, समता भवन, मोरवन, भूतखेड़ा, मंडफिया, सांवलिया जी, भदेसर, आवरी माता।

न माइक, न लाइट, न पंखा, न कूलर, न फोटो, न वीडियो, न मोबाइल, न लैपटॉप, इन सभी इलेक्ट्रिक उपकरणों से उपयोग सदैव विरत रहने वाले, कठोर संयम साधना के सजग प्रहरी, युगनिर्माता, युगपुरुष, साधना के शिखर, रत्नत्रय के महान् आराधक, उत्क्रांति प्रदाता, गुणशील सम्प्रेरक, ज्ञान एवं क्रिया के बेजोड़ संगम, परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा., बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा के मेवाड़ क्षेत्र में पावन प्रवास से जैन-जैनेतर सभी आध्यात्मिक आलोक से आलोकित हो रहे हैं। आगमसम्मत जीवन निर्माणकारी प्रवचनों की धूम मची हुई है। मार्गवर्ती अनेक क्षेत्रों में सामायिक, स्वाध्याय, दया, संवर, एकासना, आयंबिल, बेला, तेला सहित अनेक त्याग-प्रत्याख्यानों में लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। स्कूलों में व्यसनमुक्ति एवं संस्कार जागरण के कार्यक्रम '**राम गुरु का है संदेश, व्यसनमुक्त हो सारा देश**' अभियान के अंतर्गत हो रहे हैं।

तत्त्वज्ञान शिविर, आदर्श जीवन के सूत्र एवं जिज्ञासा-समाधान कार्यक्रम के तहत जिज्ञासु जनता धर्म के मर्म को समझने का प्रयास कर रही है। देश-विदेश से श्रद्धालु धर्मप्रेमी भाई-बहन त्यागी महापुरुषों के पावन दर्शन कर जीवन धन्य बना रहे हैं।

कल्पना के जाल बुनना समस्त परेशानियों का मूल

01 अप्रैल 2024, न्यू समता भवन, ओस्तवाल परिसर, मंगलवाड़ चौराहा। परमागम रहस्यज्ञाता परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. आदि ठाणा का बिलौदा से 7 किमी. विहार कर मंगलवाड़ चौराहा स्थित ओस्तवाल परिसर न्यू समता भवन में जय-जयकारों के साथ मंगल प्रवेश हुआ। प्रवेश यात्रा में संपूर्ण मार्ग जय-जयकारों से गुँजायमान हो रहा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से धर्म श्रद्धा परिलक्षित हो रही थी। मंगलमय प्रवेश के पश्चात् विहार यात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हो गई।

धर्मसभा में उपस्थित अपार जनमेदिनी को आगमसार से लाभान्वित करते हुए प्रशांतमना आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यवाणी में फरमाया कि ''**इस दुखिया संसार में उलझन ही उलझन है। कल्पना के जाल बुनना नई आफत को बुलावा देना है। कल्पना की उड़ान ही समस्त परेशानियों-उलझनों की जड़ है। अशांति एवं क्रोध की अवस्था में व्यक्ति को मुसीबतों से घबराना नहीं चाहिए। छोटे-छोटे बदलाव लाकर करुणा, परोपकार, दया के भाव से लोगों को अपने निकट लाकर परेशानियों का समाधान ढूँढ़ना चाहिए। जीवन में कोई भी परीक्षा अंतिम परीक्षा नहीं होती। सफलता में फूलना नहीं चाहिए और मुसीबत में घबराना नहीं चाहिए। नकली हार चमकता ज्यादा है, किंतु ज्यादा कीमत असली हार की होती है। आमतौर पर व्यक्ति 85 प्रतिशत कर्म आश्रव के एवं 15 प्रतिशत कर्म निर्जरा के करता है। एक सुख आत्मा का व दूसरा सुख पुद्गलों का, चिंतन का विषय है। राग-द्वेष से चिपकी आत्मा का पुद्गलों के लगाव का रस छूटता नहीं है। भीतर के रामत्व को जाग्रत कर जीवन को सफल बनाने पर ही आत्मकल्याण संभव है।**''

श्री राजन मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि मंगल की किरणें हमें निर्भय बनना सिखाती है। जो डर गया वो मर गया।

शासन दीपिका साध्वी श्री प्रेमलता श्री जी म.सा. ने फरमाया कि राम गुरु आगम के अनुसार चलने वाले हैं। स्थानीय श्रावकों ने आचार्य भगवन् के असीम उपकारों के प्रति अहोभाव व्यक्त किया। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, मंगलवाड़ की सेवाएँ अत्यंत सराहनीय रही।

साध्वी श्री प्रसिद्धि श्री जी म.सा. ने गीतिका '**लगन गुरु से लगने पर जो होगा देखा जाएगा**' प्रस्तुत करते हुए मेवाड़ी भाषा में फरमाया कि पाँचवें आरे की तीन पहचान- मन का टेढ़ापन, वचन का खारापन और तन का उतावलापन हैं। इनसे बचने का प्रयास करें। राम गुरु महाविदेह क्षेत्र की आत्मा हैं। आपश्री जी के हम पर अनंत उपकार हैं। साध्वी मंडल ने '**तिन्नाणं-तारियाणं कृपासिंधु परम वंदनम्**' गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

पुद्गलों से प्रीत हटाएँ

02 अप्रैल 2024, समता भवन, मोरवन। प्रात: प्रार्थना पश्चात् परम श्रद्धेय आचार्य प्रवर सहित सान्निध्यवर्ती संतवृंद का मंगलवाड़ चौराहा से समता भवन, मोरवन में मंगलमय पदार्पण हुआ। यहाँ पर आयोजित धर्मसभा को धर्म भाव से सराबोर करते हुए संयम सुमेरु आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि ''**पुण्य का सहकार ज्यादा या पाप का सहकार ज्यादा? सापेक्षिक दृष्टि से दोनों कथन सहयोगी हैं। आत्मा के उत्थान में पाप और पुण्य दोनों ही सहयोगी बनते हैं। मोह की नींद पुद्गलों से जब तक प्रीत बनाए रखेगी तब तक हर क्षण संकट आते रहेंगे। संताप मिटाने के लिए लगाव, आसक्ति का भाव हटाना पड़ेगा। पुद्गलों की प्रीत व मोह की नींद उड़ानी पड़ेगी। ज्ञान ही सुख की खान है। इंद्रियों का दमन करने वाले का पुद्गलों से आकर्षण समाप्त हो जाता है और वह क्षमा को धारण कर लेता है। उसे कोई भी वार, शब्दबाण परेशान नहीं कर सकता। जो बात हो गई उसे भूल जाना ही क्षमा है। कर्मयोगी कृष्ण ने अपनी भुआ कुंती से कुछ माँगने के लिए कहा तो कुंती ने कहा कि तू मुझे दु:ख ही दु:ख देना ताकि हर पल तेरा स्मरण कर सकूँ। शालिभद्र ने सोचा कि मेरे पुण्य में क्या कमी रही जो मेरे पर भी नाथ हैं। पाँच इंद्रियों का दास अनाथ होता है। साधु किसी पर आश्रित नहीं होता। दवाओं से शांत नहीं होने वाली असहनीय वेदना साधुत्व का संकल्प लेते ही पुण्य का प्रबल योग होने पर शांत हो जाती है।**

पुराने जमाने में श्रावक पक्के और घर कच्चे होते थे। आज घर पक्के और श्रावक कच्चे हैं। छोटे-छोटे त्याग-प्रत्याख्यान से श्रावकत्व को पक्का करके ही हमारी आत्मा का कल्याण कर सकेंगे।''

श्री नीरज मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि चौदह पूर्व के ज्ञान में किसी भी प्रकार का ज्ञान बकाया नहीं रहता। ज्ञान की आराधना के बाद चार प्रकार के विनय भाव पैदा होने आवश्यक हैं। गुरु के सान्निध्य में अहं, अभिमान का विनाश होता है और विनय की प्राप्ति होती है।

साध्वी श्री ऋजुता श्री जी म.सा. ने राम का महत्त्व बताते हुए फरमाया कि सीता के लिए अंगूठी से ज्यादा राम का महत्त्व था। आपश्री जी ने आचार्य भगवन् के आयामों को आत्मसात् करने की प्रेरणा दी।

सामायिक में मन नहीं लगने की समस्या के समाधान की दिशा में सामायिक काल के 48 मिनट का विभाजन 15 मिनट स्वाध्याय, 15 मिनट माला, 5 मिनट दिन के कृत्य कर्मों पर चिंतन, 5 मिनट भविष्य निर्धारण, 8 मिनट समता साधना एवं स्वचिंतन आदि में करना चाहिए।

संवर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जैन-जैनेतर गुरु सन्निधि का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। दोपहर में आगम वाचनी, प्रश्नोत्तरी, ज्ञानचर्चा आदि धार्मिक कार्यक्रम हुए।

एक अलग कार्यक्रम में मुमुक्षु भाई सौरभ जी संचेती, दुर्ग का शानदार स्वागत-अभिनंदन श्री साधुमार्गी जैन संघ, मोरवन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा किया गया। अपने उद्गार में मुमुक्षु भाई ने कहा कि संसार छोड़ने योग्य है, संयम ग्रहण करने योग्य है और मोक्ष पाने योग्य है। उभय गुरु-भगवंतों की कृपा से मैं वीतराग पथ पर अग्रसर होने जा रहा हूँ, यह मेरे जीवन का सबसे सौभाग्यशाली क्षण होगा।

नकारात्मक सोच से आत्मा का पतन

03 अप्रैल 2024, समता भवन, मोरवन। प्रात:कालीन मंगलमय प्रार्थना में **'प्रभु पंच परमेष्ठी दयाला'** भक्तिगीत के साथ गुणानुवाद किया गया। तत्पश्चात् आयोजित धर्मसभा को अपनी अमृतवाणी से पावन करते हुए तरुण तपस्वी आचार्य भगवन् ने फरमाया कि **''नकारात्मक सोच आत्मा का उत्थान नहीं होने देती। दूसरों को हीन समझना, धर्म का दिखावा करना, सामायिक की बदनामी जैन युवाओं को धर्म से विमुख कर रही है। पूणिया श्रावक की एक गुणात्मक सामायिक को सम्राट श्रेणिक राजा भी नहीं खरीद पाया। भगवान महावीर ने गौतम के संशयमय जीवन से मन की चंचलता मिटाई। सामायिक में मन नहीं लगने की समस्या के समाधान की दिशा में सामायिक काल के 48 मिनट का विभाजन 15 मिनट स्वाध्याय, 15 मिनट माला, 5 मिनट दिन के कृत्य कर्मों पर चिंतन, 5 मिनट भविष्य निर्धारण, 8 मिनट समता साधना एवं स्वचिंतन आदि में करना चाहिए। आत्मा में छुपी रिजर्व शक्ति संकट में सहगामी बनती है। इसलिए घबराना नहीं चाहिए। हिम्मत नहीं हारकर इंद्रियों के पाँचों विषयों में समभाव से रहकर हम आत्मा का कल्याण कर सकते हैं।''**

श्री राजन मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि मशीनीकरण के युग में घरों में होने वाले समस्त कार्य मशीनों से होने लग गए, जिससे समय की बहुत बचत होने लगी है। परंतु उस समय का सदुपयोग नहीं करके उसे पापकारी प्रवृत्तियों में लगाकर मानव क्रोधी, तनावयुक्त होकर आधुनिकता के युग में विभिन्न रोग बढ़ाने में लगा हुआ है। उपकरणों की लत प्रकृति विनाशक बन रही है। हर समय नवकार मंत्र का स्मरण करने से जीवन आत्मभावों में स्थिर हो सकेगा।

साध्वी श्री सुसमृद्धि श्री जी म.सा. ने मन को साधना में जोड़ने एवं स्वाध्याय में अधिक से अधिक लगाने की प्रेरणा दी। सामूहिक दया में भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गाँव में रहते हुए दिन में एक बार धर्मस्थानक में आने व धर्मध्यान करने का नियम अनेक व्यक्तियों ने लिया। संस्कृत विद्यालय में व्यसनमुक्ति एवं संस्कार जागरण का कार्यक्रम हुआ।

मन की गाँठें चट्टान से भी अधिक कठोर

04 अप्रैल 2024, समता भवन, मोरवन। भोर के प्रस्फुटन के पश्चात् प्रात:कालीन प्रार्थना में धर्मगीत के स्वर प्रवाहित हुए। समता भवन में आयोजित प्रवचन सभा में अपार जनमेदिनी ज्ञानपिपासु चातक की भाँति गुरुवचनों को श्रवण करने को आतुर नजर आ रही थी। सिरीवाल प्रतिबोधक, आध्यात्मिक आरोग्यम् के प्रणेता परम श्रद्धेय आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यवाणी में फरमाया कि **''जिंदगी का हर दिन नया होता है। जो क्षण को जान लेता है वह पंडित कहलाता है। यदि हम वर्तमान को सुखी बना लेंगे तो हमारा मोक्ष दूर नहीं है। यदि हम हर पल मन को अशांत रखेंगे तो मोक्ष दूर का डूंगर लगेगा। आध्यात्मिक दृष्टि के धरातल पर सोचा जाए तो व्यक्ति अपने आप से दु:खी होता है। जीवन बगिया में आग लगाने वाले हम स्वयं हैं, क्योंकि हमने धर्म के मर्म को नहीं समझा है। कटु वचन कलह, युद्ध के कारण बन जाते हैं। द्रौपदी का एक कड़वा वाक्य 'अंधों की संतान अंधी होती है' महाभारत युद्ध का कारण बना तथा मंथरा की कुटिल सोच रामायण का कारण बनी। छोटी-छोटी बातें मनोरोग का कारण बनती है और मनोरोग की स्थिति में खाना-पीना सब दुष्कर लगता है। यही भाव आगे चलकर कैंसर, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर आदि गंभीर बीमारियों के जनक बनते हैं। हमारी लय ही मनोवृत्ति को बदलने वाली है। स्व. आचार्य श्री नानेश ने समता दर्शन एवं व्यवहार में फरमाया है कि ग्रंथी विमोचन के माध्यम से भीतर की ग्रंथियों का शोधन करके ही हम आत्मकल्याण कर सकते हैं। मन की गाँठें चट्टान की तरह कठोर होती हैं, जो मन में बंध का रूप ले लेती है। ये बंध ही संयुक्त परिवारों के टूटने का मुख्य कारण है। जीवन जीने की कला नहीं जानने के कारण देश में आज लाखों शिक्षित लोग आत्महत्याएँ कर रहे हैं।''**

श्री गगन मुनि जी म.सा. ने धर्माराधना के लिए साधना को महत्त्वपूर्ण बताते हुए मोक्ष मार्ग के चार उपाय दान, शील, तप, भावना का उल्लेख किया।

शासन दीपिका साध्वी श्री आदर्शप्रभा श्री जी म.सा., साध्वी श्री गुणसुंदरी श्री जी म.सा. आदि साध्वीवर्याओं ने **'राम गुरु को वंदन है'** गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मोरवन संघ अध्यक्ष एवं सदस्यों ने चारित्रात्माओं के चातुर्मास हेतु पुरजोर विनती गुरुचरणों में प्रस्तुत की। पक्खी प्रतिक्रमण करने का नियम कई भाई-बहनों ने लिया। सामूहिक एकासन एवं स्वाध्याय दिवस में भाई-बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोपहर में आचार्य भगवन् के पावन सान्निध्य में आगम वाचनी, ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तरी आदि धार्मिक कार्यक्रम हुए। लक्ष्मीपुरा में सिरीवाल प्रवृत्ति समता भवन में दीक्षार्थी भाई सौरभ जी संचेती, दुर्ग का आत्मीय स्वागत स्थानीय जनों द्वारा किया गया।

समाधि भाव से कल्याण संभव

05 अप्रैल 2024, समता भवन, मोरवन। प्रात:कालीन मंगलमय प्रार्थना पश्चात् आयोजित धर्मसभा में परमागम रहस्यज्ञाता आचार्य भगवन् ने उपस्थित गुरुभक्तों को भगवान महावीर की पावन अमृतवाणी का रसपान

कराते हुए अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि ''**धर्म आराधना का मतलब धर्म की उपासना करना और धर्म की दिशा में अपने आपको गतिशील बनाना है। धर्मक्रियाओं से हमने संबंध जोड़ा है। धर्मवाणी सुनने से पाप मार्ग एवं कल्याण पथ का ज्ञान होता है। दोनों को जानने के बाद समीक्षा हमें करनी होगी कि मुझे कौन-सा मार्ग स्वीकार करना है? हमारी दृष्टि जैसी होगी वैसा ही ग्रहण करने हेतु हम समर्थ बनेंगे। सभी प्रकार की समाधि होने पर ही तपस्या करना सार्थक है। समाधि भंग करके तपस्या करने से कोई फायदा नहीं है। समाधि महत्त्वपूर्ण है। बिना समाधि खाना और बिना समाधि तपस्या करना, दोनों से ही कल्याण होने वाला नहीं है। समाधि में समभाव रहेगा तो ही कल्याण संभव है। अपने को श्रेष्ठ व दूसरों को हीन समझने वाला कभी मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकता। सहनशीलता और समाधि भाव साधना के महत्त्वपूर्ण अंग हैं। ये अंग यदि भीतर विकसित होते हैं तो बहुत ही उच्च स्थिति है। सुनना, सुनना, सुनना, लेकिन कब तक सुनना? जब तक जीवन तब तक सुनना। हम अपने आपको प्रेरित कर सत्य को समझने का प्रयास करें।**''

श्री नीरज मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि कर्म नहीं आत्मा बलवान है। आत्मा कर्मों को बाँधती है और तोड़ती है। हमने दिनभर में क्या कर्म किए हैं, कर्मों की निर्जरा की है या कर्मों का बंध किया है? आत्मचिंतन अवश्य करें। निरर्थक कार्यों को छोड़िए।

शासन दीपिका साध्वी श्री आदर्शप्रभा श्री जी म.सा., साध्वी श्री गुणसुंदरी श्री जी म.सा. आदि साध्वीवर्याओं ने '**नाना गुरुवर रो राम संघ में कर रह्या भारी कमाल**' गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। चातुर्मास में एक तेला करने एवं महावीर जयंती के अवसर पर उपवास करने का प्रत्याख्यान कई भाई-बहनों ने लिया। सामूहिक बियासना एवं संवर में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय में व्यसनमुक्ति कार्यक्रम हुआ।

साध्वी श्री श्रेया श्री जी म.सा. ने फरमाया कि महापुरुषों के सान्निध्य में हम अपने जीवन को सुसंस्कारित बनाएँ। शासन दीपिका साध्वी श्री विद्यावती श्री जी म.सा. आदि ठाणा का मंगल पदार्पण गुरुचरणों में हुआ।

यतनापूर्वक करें हर कार्य

06 अप्रैल 2024, भूतखेड़ा। भोर की पावन बेला में पक्षियों के मधुर कलरव के बीच मंगलमय प्रार्थना में प्रभु एवं गुरुभक्ति के पश्चात् परम श्रद्धेय आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. सहित सान्निध्यवर्ती संतरत्नों का मोरवन से विहार कर भूतखेड़ा गाँव में भगवान जी पाटीदार के निवास पर जय-जयकारों के साथ नयनाभिराम मंगल प्रवेश हुआ।

दोपहर में आयोजित प्रवचन सभा में श्री जयप्रभ मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि हमें हर कार्य में यतना-विवेक का ध्यान रखना चाहिए। अयतनापूर्वक चलने, बोलने, बैठने से पापकर्म का बंध होता है।

श्री गगन मुनि जी म.सा. ने भजन '**आया कहाँ से, कहाँ है जाना**' प्रस्तुत किया। नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। संघ एवं समता युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी सहित अनेक स्थानों से पधारे गुरुभक्तों ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया।

शासन दीपिका साध्वी श्री मनीषा श्री जी म.सा. आदि ठाणा का गुरुचरणों में पधारना हुआ। पाटीदार, गायरी, लोहार समाज सहित ग्रामीणों की सेवा-भक्ति सराहनीय रही। परम गुरुभक्त राकेश जी मोगरा, रतलाम के निधन पर परिजनों ने गुरुचरणों में उपस्थित होकर आध्यात्मिक शांति व संदेश प्राप्त किया।

श्री गगन मुनि जी म.सा. ने रात्रिकालीन ज्ञानचर्चा में ग्रामीण भाइयों को धर्मबोध देते हुए फरमाया कि सत्संगत से सुख मिलता है। हमें सदैव अच्छे लोगों की संगति करनी चाहिए। जैसी संगत होती है वैसी ही रंगत होती है। भगवान की भक्ति करना, जीवन में सदैव सत्य बोलना और कठिनाई के समय कभी घबराना नहीं चाहिए।

जो सत् में लीन वे ही संत

07 अप्रैल 2024, वर्धमान जैन भवन सांवलिया जी, मंडफिया। प्रात:काल आचार्य भगवन् सहित सान्निध्यवर्ती संतवृंद का गगनभेदी जयनारों के साथ भूतखेड़ा से मंडफिया की दिशा में विहार हुआ। मार्गवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीण जनता का उत्साह देखते ही सुखद अनुभूति हो रही थी। सभी जाति एवं धर्म के लोगों ने मार्ग के दोनों और गुरुवर की अगवानी कर अपना जीवन धन्य बनाया। आपश्री जी का मंडफिया के वर्धमान जैन भवन में मंगलमय पदार्पण हुआ।

प्रवचन सभा में जैन धर्म का सार बतलाते हुए शास्त्रज्ञ आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि **''आत्मिक सुख हमारे भीतर भरा पड़ा है किंतु हम उसको प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इसका कारण हमारी दृष्टि एवं हमारी सोच है। जब तक दृष्टि में राग-द्वेष और स्वार्थ बना रहेगा तब तक उस आत्मिक सुख का अनुभव नहीं कर पाएँगे। आत्मिक सुख का अनुभव राग-द्वेष रहित दृष्टि से हो पाएगा। धर्म की साधना व आराधना से स्वार्थ की दृष्टि हटेगी और वसुधैव कुटुंबकम् की स्थिति बनेगी। धर्म क्या है? सत् की खोज करना धर्म है। सत् की अनुभूति, सत् के प्रति निष्ठा धर्म है। सत्संगति करने से धर्म का बोध प्राप्त होता है। जो सत् में लीन हो जाते हैं वे संत हो जाते हैं। संतों के माध्यम से ही सत् के बोध की अवस्था हमें प्राप्त होती है। नीतिशास्त्र में कहा गया है- *'साधुनामं दर्शनं महापुण्यं'* साधु तीर्थ रूप होते हैं। साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका तीर्थ हैं, जो तिराते हैं। श्रावक को जीवाजीव आदि नौ तत्त्व व हेय-ज्ञेय-उपादेय का ज्ञान होना चाहिए। क्या ग्रहण करने योग्य है और क्या छोड़ने योग्य है, इसका ज्ञान होना चाहिए। क्षीर और नीर की दृष्टि होनी चाहिए। क्रोध, मान, माया, लोभ ग्रहण करने योग्य नहीं हैं। इनको छोड़ना चाहिए।''**

श्री गगन मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि जिनवाणी श्रवण दुर्लभ है। उससे भी ज्यादा दुर्लभ जिनवाणी पर श्रद्धा है। श्रद्धा को परम दुर्लभ कहा गया है। देव, गुरु, धर्म के प्रति हमारी श्रद्धा गहरी होनी चाहिए। श्रद्धा में कोई मिलावट नहीं होनी चाहिए।

स्थानीय गुरुभक्तों ने आचार्य भगवन् के आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए अधिकाधिक विराजने की विनती प्रस्तुत की। वर्ष में बारह एकासन, 12 आयंबिल एवं भोजन करते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने का संकल्प कई भाई-बहनों ने लिया।

सुश्राविका सुआ देवी पाबूदान जी बोथरा, गंगाशहर के निधन पर परिजनों ने गुरुचरणों में आध्यात्मिक शांति व संदेश प्राप्त किया। शासन दीपिका साध्वी श्री सुरभि श्री जी म.सा. आदि ठाणा-3 का गुरुचरणों में पदार्पण हुआ।

हर समस्या का समाधान है

08 अप्रैल 2024, वर्धमान स्थानक भवन, मंडफिया (सांवलिया जी)। भगवान महावीर स्वामी को समर्पित प्रात:कालीन मंगलमय प्रार्थना में **'महावीर भगवान देना सद्ज्ञान जी'** भजन की स्वरलहरी से संपूर्ण

माहौल धर्ममय बन गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री राजन मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि हर कोई व्यक्ति मन से परेशान है। मन को साधने का प्रयास होना चाहिए। हम अपनी समीक्षा करें। हर समस्या का समाधान संभव है। हम स्वयं की गलती नहीं देखकर दूसरों के दोष देखते रहते हैं। हमारी दृष्टि गुणपरक होनी चाहिए। हमारी दिनचर्या सुव्यवस्थित होनी चाहिए। अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थिति में मन को शांत-प्रशांत रखने का अभ्यास करना चाहिए। ऐसे महान जिनधर्म व सद्गुरु मिलने के बाद हमारे जीवन में बदलाव नहीं आया तो हमारा कहीं भी कल्याण होने वाला नहीं है।

आचार्य भगवन् ने असीम कृपा कर आशीर्वाद स्वरूप मंगलपाठ प्रदान कर भक्तों को कृतार्थ किया। एक घंटा मौन रहने एवं घर में रहते हुए धोवन पानी पीने का संकल्प कई भाई-बहनों ने लिया। सांवलिया एकेडमी स्कूल में व्यसनमुक्ति एवं संस्कार जागरण के कार्यक्रम हुए। सामूहिक दया आयोजन में 21 भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोपहर में श्री जयप्रभ मुनि जी म.सा. ने आगमिक धारणा सहित अनेक महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

श्री सांवलिया जी मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन श्री भैरूलाल जी गुर्जर व भीलवाड़ा के कर्नल राजेंद्र जी मुर्मा आदि सहित अनेक गणमान्यजनों ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया।

कोई मेरा नहीं

09 अप्रैल 2024, जैन स्थानक भवन, मंडफिया (सांवलिया जी)। भोर की मंगल प्रार्थना में प्रभु एवं गुरुभक्ति से ओत-प्रोत **'हे प्रभु पंच परमेष्ठी दयाला'** एवं **'गुरु नाना के हो राम मेरे दिल में बस जाए'** की मधुर ध्वनि से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बन गया।

धर्मसभा को अपने पावन वचनों से आप्लावित करते हुए परम श्रद्धेय आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यवाणी में फरमाया कि **''धर्म में जीना बहुत ही आसान है। धर्म में जीना सीख लेंगे उस दिन सारी कठिनाइयाँ अपने आप समाप्त हो जाएँगी। धर्म आराधना कठिन इसलिए लगती है क्योंकि यह शिखर पर चढ़ने के समान है। धर्म दो प्रकार के हैं- निश्चय धर्म और व्यावहारिक धर्म। निश्चयात्मक धर्म में जीना बहुत आसान है, जहाँ किसी से कोई नाता नहीं, कोई रिश्ता नहीं। व्यवहार धर्म में जीना कठिन काम होता है। सबसे रिश्ते-नाते रखते हुए सबसे अलग होना बहुत मुश्किल है। सबके साथ हिलमिल कर चलो, किंतु भीतर में सावधान रहो कि कोई मेरा नहीं है। मोह को शिथिल करने की एकमात्र ताकत धर्म में है। संसार से रिश्ते-नाते जोड़ने पड़ते हैं, किंतु धर्म कहता है कि हम इन सबसे अलग रहें। स्वयं को किसी से अटैच मत होने दें। मोह हमारे भीतर दुःख पैदा करता है। यदि मोह को नहीं हटाएँगे तो कहीं न कहीं से दुःख हमारे नजदीक आएगा ही। हमारी दृष्टि साफ होनी चाहिए कि इस दुनिया में मेरा कोई नहीं है। कोई किसी को न तो साथ ले जाने वाला है और न ही कोई साथ जाने वाला है।''**

श्री नीरज मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि मन, वचन, काया को साधने का प्रयास करना चाहिए। काया-क्लेश तप के माध्यम से समभाव की साधना को आगे बढ़ाएँ। सदैव सत्य, प्रिय, मधुर, हितकारी वचनों का प्रयोग करें। बारह वर्ष तक जो असत्य नहीं बोले, उसे वचन सिद्धि प्राप्त हो जाती है। मन को साधने से पहले वचन और काया को साधने का प्रयास करें।

शासन दीपिका साध्वी श्री विद्यावती श्री जी म.सा. ने फरमाया आचार्य भगवन् अद्भुत शक्ति के केंद्र हैं। वे सभी को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। संयम शतक के लिए हम भी भागीरथी पुरुषार्थ करें।

संघ अध्यक्ष एवं मंत्री ने महावीर जयंती पर सांवलिया जी संघ को सान्निध्य प्रदान करने की विनती गुरुचरणों में प्रस्तुत की। गाँव में रहते हुए प्रतिदिन कम से कम एक बार धर्म स्थानक में आने का संकल्प कई भाई-बहनों ने लिया। दोपहर में श्री जयप्रभ मुनि जी म.सा. ने मंडल में आने से होने वाले लाभों की जानकारी दी। वैदिक विद्यालय में नैतिक शिक्षा व संस्कार जागरण के कार्यक्रम हुए।

शासन दीपिका साध्वी श्री प्रियलक्षणा श्री जी म.सा. आदि ठाणा का भींडर, मंगलवाड़ होते हुए गुरुचरणों में पधारना हुआ। पूर्व विधायक देवीलाल जी धाकड़, गरोठ-मंदसौर ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

संघर्ष नहीं, समन्वय करो

10 अप्रैल 2024, जैन स्थानक भवन, मंडफिया (सांवलिया जी)। प्रात: मंगलमय प्रार्थना में **'मेरे प्यारे देव गुरुवर श्री जिन धर्म महान्'** की धर्म से पूरित स्वरलहरी से जन-जन का जीवन पावन हो गया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए जन-जन के तारणहार आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यवाणी में फरमाया कि **''तीर्थंकर देव अकेले साधना में प्रवृत्त होते हैं और खोज व शोध करते हैं। उसके बाद वे भवी आत्मा को दिशाबोध देते हैं कि तुम्हें कौनसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। हर किसी के लिए एकाकी साधना कठिन होती है। इसलिए तीर्थंकर देव ने साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका रूप चार तीर्थ की स्थापना की और समुदायगत साधना का सूत्रपात किया। एक तरफ हम बहुत अच्छी तरह साधना कर सकते हैं और दूसरी तरफ हम संक्लेश में जा सकते हैं। हमारी सारी दृष्टि दूसरों पर होती है तो हमारा मन संक्लेषित हो जाता है। भगवान महावीर ने उपदेश दिया कि अपने आपसे युद्ध करो। मतलब अपनी विचारधारा को शुद्ध बनाना है। अशुभ विचार आगे बढ़ जाएँगे तो वे हमें विपरीत दिशा में ले जाने वाले बनेंगे। अपने आपसे युद्ध करना कि मुझे प्रशंसा नहीं सुननी है। लोग हमारे मुँह पर प्रशंसा करते हैं, किंतु बाद में वे बुराई करते हैं। राग-द्वेष की साफ-सफाई करनी है तभी भीतर की सुगंध प्रकट होगी। संघर्ष नहीं, समन्वय का रास्ता अपनाएँ।''**

श्री गगन मुनि जी म.सा. ने **'आया कहाँ से कहाँ है जाना ढूँढ़ ले ठिकाना'** गीत के साथ फरमाया कि आज धन के लिए अंधी दौड़ लगी हुई है, जबकि कुछ भी साथ जाने वाला नहीं है। एकमात्र धर्म, सच्चाई, ईमानदारी साथ जाने वाली है।

शासन दीपिका साध्वी श्री प्रियलक्षणा श्री जी म.सा., साध्वी श्री विद्यावती श्री जी म.सा., साध्वी श्री रविप्रभा श्री जी म.सा. आदि साध्वीवृंद ने **'राम गुरु सारे जग में छा गए'** गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। महेश नाहटा ने उभय गुरु-भगवंतों के दिव्य गुणों से प्रेरणा लेने का निवेदन किया।

आदर्श विद्या निकेतन में व्यसनमुक्ति एवं संस्कार जागरण के कार्यक्रम हुए। दिगंबर जैन समाज के प्रमुख मनोहरलाल जी गदिया ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया।

क्रोधी के साथ रहना कोई पसंद नहीं करता

11 अप्रैल 2024, जैन स्थानक भवन, मंडफिया (सांवलिया जी)। प्रात: मंगलमय प्रार्थना श्री जयप्रभ मुनि जी म.सा. द्वारा करवाई गई। धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री राजन मुनि जी म.सा. ने **'लाखों को पार**

लगाया है भगवान तुम्हारी वाणी ने' गीत प्रस्तुत करते हुए फरमाया कि जब-जब आत्मा में क्रोध, मान, माया, लोभ का आवरण छा जाता है, तब-तब आत्मा कठोर बनती है। क्रोधी, अहंकारी के साथ कोई रहना पसंद नहीं करता है। धर्म श्रद्धा का योग मिलने पर आत्मा सरल बनती है। देव, गुरु, धर्म पर हमारी श्रद्धा अटूट होनी चाहिए तभी आत्मा सरल बन पाएगी। भगवान की वाणी सुनकर जीवन में बदलाव आना चाहिए। आत्मकल्याण की दिशा में कदम आगे बढ़ना चाहिए। लोग क्या कहेंगे उससे ऊपर उठना होगा। खाने-पहनने में ज्यादा दिमाग नहीं लगाना है।

शासन दीपिका साध्वी श्री विद्यावती श्री जी म.सा., साध्वी श्री रविप्रभा श्री जी म.सा. आदि साध्वी मंडल ने गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। प्रतिदिन 15 मिनट स्वाध्याय करने का नियम कई भाई-बहनों ने लिया।

आचार्य भगवन् ने असीम कृपा करके मंगलपाठ प्रदान किया। श्री जयप्रभ मुनि जी म.सा. ने मर्यादापूर्वक जीवन जीने की समझाइश विस्तारपूर्वक दी।

संतोषी सदा सुखी

12 अप्रैल 2024, पोटला (भदेसर)। आराध्य देव आचार्य भगवन् आदि ठाणा का मंगलमय पदार्पण जय-जयकारों के साथ श्री शिव जी सुखलाला के निवास पोटला में पधारना हुआ।

बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा 5 का भादसोड़ा से विहार करते हुए श्री वर्धमान जैन स्थानक भवन, सांवलिया जी में जय-जयकारों के साथ पदार्पण हुआ। उपस्थित धर्मसभा में उपाध्याय प्रवर ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि **''मन की दृष्टि में असंतोष भरा हुआ है। सुख भीतर के संतोष में है। जिसके मन में संतोष है, वह हमेशा सुखी है। हमारे पास जो है, उसी में आनंद मनाना चाहिए। अपने-अपने उद्देश्यों को स्पष्ट करें, अपनी उपलब्धि से संतुष्ट रहें। गुरु अपने आपको जानने का उपदेश देते हैं। आत्मज्ञान जितना गहरा होगा उतनी ही बाहरी चंचलता खत्म होगी।''**

श्री यत्नेश मुनि जी म.सा. ने दुर्लभ मानव जीवन को धर्म आराधना से सफल बनाने की प्रेरणा दी।

शासन दीपक श्री नीरज मुनि जी म.सा., श्री गगन मुनि जी म.सा., श्री जयप्रभ मुनि जी म.सा. आदि ठाणा 3 का सांवलिया जी से 12 कि.मी. का विहार कर समता भवन, भदेसर में पधारना हुआ।

पोटला में श्रद्धेय श्री राजन मुनि जी म.सा ने फरमाया कि जो कल्याण-मोक्ष को प्राप्त करना चाहता है तो आत्मा की शुद्धि करनी चाहिए। उन्हें प्रज्ञा, दया, संयम व ब्रह्मचर्य को धारण करते हुए आत्मरमणता की दिशा में कदम आगे बढ़ाना होगा। विभिन्न शुभ संकल्प हुए।

आत्मबल सर्वश्रेष्ठ

13 अप्रैल 2024, समता भवन भदेसर। नानेश पट्टधर आचार्य भगवन् आदि ठाणा का पोटला से भदेसर समता भवन में **'त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की'**, **'संयम इनका सख्त है, तभी तो लाखों भक्त हैं'**, **'नाना गुरु ने क्या दिया, राम दिया भई राम दिया'**, **'बच्चा-बच्चा जहान का, भक्त है गुरु राम का'** आदि जयघोषों के साथ मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य भगवन् ने आशीर्वाद स्वरूप मंगलपाठ प्रदान किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री नीरज मुनि जी म.सा. ने **'लाखों को पार लगाया है भगवान तुम्हारी वाणी ने'** गीत प्रस्तुत करते हुए फरमाया कि भगवान की वाणी को जो श्रवण करता है, आचरण करता है, पुरुषार्थ करता है, अमल करता है, उसका कल्याण अवश्य होगा। आत्मबल ही सभी बलों का सरदार है। साधक जब अपने आत्मबल

को समझ लेता है तो उन्नत मार्ग पर आगे बढ़ जाता है। हमारे अंदर वो शक्ति है कि हम सब कुछ कर सकते हैं। संथारा साधिका नवदीक्षिता साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. ने अपने आत्मबल को जगाकर संथारा, दीक्षा का प्रसंग उपस्थित किया। संयम जीवन का एक क्षण भी कई वर्षों के श्रावक जीवन से बढ़कर है। साध्वीश्री जी तीनों मथोरथ पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ गए।

साध्वी श्री अविचल श्री जी म.सा. ने फरमाया कि गुरु के मुख से निकला हर वचन वरदान होता है। जो गुरु वचन सुनकर उन पर चल पड़े वो ही असल विद्वान होता है। संथारा साधिका साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. ने संघ, शासन व परिवार का गौरव बढ़ाया है। परिवार वालों ने संथारे की स्थिति जानकर आचार्य भगवन् से विनती की। भगवन् ने फरमाया कि संथारा लंबा चला तो! तो परिवार वालों ने कहा कि आपकी कृपा। श्री सुप्रतिभा श्री जी म.सा. ने गुरु आज्ञा को शिरोधार्य कर संथारा व दीक्षा दिलाई। शरीर की सेवा मत करो, आत्मा की सेवा करो। मुझे खाली हाथ नहीं जाना है, वो यही भावना भाते थे। नाना गुरु व राम गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा थी। आपश्री पूरे आत्मबल के साथ मोक्षमार्ग की ओर बढ़ गए। आचार्य भगवन् 27 वर्ष पूर्व भदेसर पधारे। उस समय मेरी दीक्षा संपन्न हुई। साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. की आचार्य गुरु राम के दर्शन की अभिलाषा तीव्र हुई, उनकी पुण्यवाणी का ही फल है कि आज भगवन् पधारे। भदेसर संघ सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

साध्वी श्री शर्मिला श्री जी म.सा. ने **'खुशी के गीत सब गाओ, मेरे भगवान पधारे हैं'** गीत प्रस्तुत करते हुए फरमाया कि आज का दिन हम सब के लिए पुण्य उदय का दिन है। भगवन् के दर्शन कर हम कृतार्थ हो गए। साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. अपने लक्ष्य को प्राप्त करे, यही मंगल भावना भावें।

बहू मंडल एवं बालिका मंडल द्वारा स्वागत गीत प्रस्तु किया गया। भदेसर संघ मंत्री ने कहा कि संथारा साधिका साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. के 36वें संथारा दिवस पर 36 गुणों के धारी आचार्य प्रवर भदेसर में पधारे, यह संघ के लिए परम अहोभाग्य है। महेश नाहटा ने आचार्य भगवन् द्वारा प्रदत्त आयामों को आत्मसात् करने की अपील की।

12 महीने में 12 आयंबिल, 12 एकासन, 12 उपवास के प्रत्याख्यान कई भाइयों ने ग्रहण किए। दोपहर में आचार्य प्रवर के पावन सान्निध्य में ज्ञानचर्चा व प्रश्नोत्तरी आदि धार्मिक आयोजन हुए।

कौन अपना, कौन पराया

14 अप्रैल 2024। प्रात: समता शाखा के अंतर्गत भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक समता आराधना की। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मानवता के मसीहा आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि ''**अभी आप नाना गुरु की कहानी सुन रहे थे। सबकी अपनी-अपनी कहानियाँ होती हैं। कुछ बातें विशेष हुआ करती हैं। गर्भ में आना, जन्म लेना, पढ़ाई करना, शादी करना, बच्चे होना, यह सब सामान्य बातें हैं। कुछ विशेषताएँ तो जीवन को विशेष बना देती हैं। साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. ने जीवन के अंतिम पड़ाव में अपने जीवन को विशेष बना दिया। यहाँ से अनेक दीक्षाएँ हुई हैं। साध्वी श्री अविचल श्री जी म.सा. की दीक्षा की अपनी कहानी है। वीर पिता शांतिलाल जी मोदी के मन में भी हलचल थी कि दीक्षा की आज्ञा दूँ या न दूँ। कौन अपना, कौन पराया। जिसको मैं मेरा कहता हूँ, वो भी पराया है। अपना कोई नहीं है। यह बोध भीतर में बिठा लें। रामलीला के मंचन में अलग-अलग रोल (भूमिका) प्रस्तुत होते हैं, पर भीतर में जानते हैं कि यह मात्र खेल है, वास्तविकता नहीं। हम भी यही खेल खेल**

- **26 अप्रैल 2024 को भदेसर में मुमुक्षु सायली जी बाफना, निफाड़ की जैन भागवती दीक्षा संभावित होगी। तत्पश्चात् 20 वर्षों के बाद चित्तौड़गढ़ की वीर प्रसूता भूमि वीर महापुरुषों के पावन चरणों से पावन, पवित्र होगी।**
- **अक्षय तृतीया के पावन प्रसंग पर चित्तौड़गढ़ में वर्षीतप पारणा महोत्सव एवं अभिमोक्षम् शिविर का आयोजन। महापुरुषों का सान्निध्य मिलना संभावित।**

रहे हैं। जब तक हम लक्ष्य नहीं बनाएँगे, तब तक खेल चलता रहेगा। नाना गुरु का जीवन बोलता है। हमारा जीवन नहीं मुँह बोलता है। स्वार्थ बुद्धि के कारण समस्या पैदा होती है।''

श्री गगन मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि नाना गुरु का ननिहाल भदेसर में था। जब बचपन में नाना गुरु भादसोड़ा प्रवचन में छठे आरे का वर्णन सुनकर यहाँ पधारे तब बीच रास्ते में उन्होंने छठे आरे का चिंतन किया कि मुझे छठे आरे में नहीं जाना। बाद में अपने भाई के समक्ष दीक्षा के भाव प्रकट किए।

नए जमाने में नए लोग

15 अप्रैल 2024, आवरी माता। परम प्रतापी आचार्य भगवन् ने संथारा साधिका नवदीक्षिता साध्वी श्री रामकस्तूर श्री जी म.सा. को पावन दर्शन प्रदान किया। साध्वी जी धन्य-धन्य हो गईं। वहाँ से आचार्य भगवन् का भदेसर से आवरी माता समता भवन में जय-जयकारों के साथ मंगल प्रवेश हुआ। **'संयम इनका सख्त है, तभी तो लाखों भक्त हैं', 'बहती आई ज्ञान की गंगा, मन मंदिर को कर लो चंगा', 'भले पधारो आगमज्ञाता, हम सब पूछें सुख और साता'** आदि जयघोष वातावरण में गूँज रहे थे। बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. का सांवलिया जी से आवरी माता समता भवन में मंगल पदार्पण हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री राजन मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि आजकल का बच्चा कैसा हो रहा है। पहले का बच्चा मजबूत, स्वस्थ रहता था। शहरों के बहुत से लोगों को नहीं पता कि सूर्योदय कैसा होता है। आज की आधुनिक पीढ़ी कहाँ जा रही है? नए जमाने के नए लोग हैं। जैसा जमाना, वैसे लोग।

दोपहर में महापुरुषों के सान्निध्य में आगम वाचनी, ज्ञानचर्चा, जिज्ञासा-समाधान आदि कार्यक्रम हुए। अलौकिक त्यागी महापुरुषों का सान्निध्य पाकर मेवाड़ की धर्मप्रेमी जनता निहाल हो रही है।

हे गुरुवर! वाणी आपकी मंगलकारी, दर्शन आपके कल्याणकारी।
शिक्षा आपकी हितकारी, हम सबके आप हो उपकारी।।

आजीवन शीलव्रत

अशोक जी जारोली, अंबालाल जी सुशीला बाई जारोली, श्यामलाल जी शर्मा, महिपाल जी शांता देवी जारोली, शांतिलाल जी बोथरा-गंगाशहर, अशोक जी निर्मला देवी सुराना, शांतिलाल जी पामेचा-सांवलिया जी, मदनलाल जी तिवारी, अंजू जी कोठारी-बीकानेर, राधेश्याम जी पामेचा, भैरूलाल जी अंजना देवी जारोली, केसरीमल जी मारू, रोशनलाल जी तारा देवी बाबेल-आवरी माता, बसंतीलाल जी टीपू देवी मट्ठा-आवरी माता, भंवरलाल जी सूरज देवी भंसाली-आवरी माता, संपत जी दशोरिया

-महेश नाहटा

अपने आचार्यदेव को जानें

परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के 50वें दीक्षा वर्ष को **'महत्तम शिखर'** के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पाठकों को आचार्यश्री के जीवन से परिचित कराने के लिए उनका जीवन चित्रण प्रस्तुत किया जा रहा है। यह चित्रण 29-30 मार्च 2024 समाचार अंक से प्रारंभ हुआ है, जो 12 माह तक श्रमणोपासक के समाचार अंकों में प्रकाशित किया जाएगा। इसके अंतर्गत आचार्यदेव का संपूर्ण जीवन- **बाल्यकाल, युवावस्था, मुनि प्रवर, युवाचार्य एवं आचार्य अवस्था** आदि विभिन्न पड़ावों का वर्णन किया जाएगा। इन पड़ावों के आधार पर पाठकों के समक्ष कुछ प्रश्न प्रस्तुत किए जाएँगे, जिनके उत्तर पाठकों को भरकर भिजवाने होंगे। इस शृंखला के अंतिम पड़ाव के रूप में **फरवरी 2025** के अंक में वर्षभर में दिए गए संपूर्ण चित्रण पर एक मुख्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें वर्षभर में प्रकाशित विभिन्न पड़ावों पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे। अत: पाठकों से आग्रह है कि 29-30 मार्च 2024 समाचार अंक से आचार्य प्रवर के जीवन पर प्रकाशित संपूर्ण सामग्री संग्रहित करके रखें।

****** दृढ़निश्चयी, दृढ़संयमी आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. ******

पाँच बहनों एवं दो भाइयों के भरे-पूरे परिवार में आपका शैशव निखरने लगा। गवरा बाई धार्मिक क्रियाओं एवं पारिवारिक कार्यों में उद्यमी महिला थी। नेमीचंद की मनोवृत्ति सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से ओतप्रोत थी। ज्येष्ठ भ्राता मांगीलाल भी सहजता, स्पष्टता एवं नियमितता का मूर्त रूप था। श्रेष्ठ बीज के बिना कभी श्रेष्ठ फल की परिकल्पना नहीं की जा सकती। माता-पिता की उच्च गुणवत्ता के बिना संतान में वैशिष्ट्य की कल्पना करना व्यर्थ है। अत: जैन शास्त्रों में साधु एवं विशेषत: आचार्य के लिए मातृपक्ष एवं पितृपक्ष की शुद्धि पर विशेष बल दिया गया है। गवरानंदन राम उच्च एवं कुलीन, धार्मिक खानदान से प्राप्त संस्कारों के परिणामस्वरूप एवं पूर्वजन्म के प्रभाव से धर्म के प्रति तीव्र रुचि रखते थे। राम की मेधा भी बहुत तीव्र थी एवं आपने विद्यालयी अध्ययन प्रारंभ करने से पूर्व ही गणित के अनेक पहाड़े सीख लिए। गणित उस समय से लेकर आज तक आपका प्रिय विषय रहा है। गणित की प्रियता ने आपके भीतर समस्याओं को हल करने की ऐसी प्रज्ञा विकसित कर दी कि जीवन पथ पर उत्पन्न होने वाली अनेक समस्याओं का हल आपके बुद्धिबल से शीघ्र ही हो जाता है। बचपन के मित्रों के साथ के एक खेल में जब सभी अपने-अपने भविष्य की बातें कर रहे थे उस समय आपने दृढ़ता से कहा कि मैं तो दीक्षा लेकर साधु बनूँगा। अपनी बात का कथन दृढ़ता एवं मजबूती के साथ करने का अपना गुण आज भी उसी प्रकार कायम है। आज भी प्रवचन एवं ज्ञानचर्चा में भय एवं संकोच से रहित रहकर सैद्धांतिक तथ्यों की सशक्त प्रस्तुति श्रोताओं के शिथिल मन में एक नई ऊर्जा एवं बल उत्पन्न कर देती है। समय की परतों को चीरकर देखें तो एक सत्य उभरकर सामने आ जाता है कि दु:खों की भूमि से उत्पन्न होकर एवं उसी से रस खींच-खींचकर ही महापुरुषों के जीवन का सुंदर और स्व-पर को सुखदायी कल्पवृक्ष पल्लवित, पुष्पित और फलित हुआ करता है। इस संसार में यदि दु:ख नहीं रहा होता तो जीवन दर्शन के अनेक पहलु अनछुए रह जाते। कष्टरूपी गोताखोरों में ही इतनी शक्ति है कि वे जीवन सागर में गहरे जाकर भीतर छिपे अनमोल रत्नों को बाहर निकालकर रत्नाकर का रत्नाकरत्व प्रमाणित कर देते हैं।

बालक राम भी चर्म रोग से ग्रसित हो गया। अनेक उपचार किए पर सब व्यर्थ। प्रकृति माता में जन्मदात्री माता से भी अधिक निर्माणकारिणी शक्ति होती हैं। जब तक सही औषध नहीं मिल पाती, तब तक प्रकृति संतुष्ट कैसे हो सकती थी। परिवर्तन के लिए दो तत्त्वों की अपेक्षा होती है- प्रयत्न और धैर्य। प्रयत्न तो हम सभी करते हैं, लेकिन धैर्य के दुर्गम मार्ग से हम अधिकतर फिसल जाते हैं और परिणाम आता है- असफलता। धैर्य का गुण हमें प्रकृति से सीखना चाहिए। प्रकृति कभी जल्दबाजी नहीं करती, लेकिन फिर भी सबकुछ समय पर संपन्न हो जाता है। राम के निर्माण में प्रकृति धैर्यपूर्वक लगी हुई थी। अंतत: सकारात्मक परिणाम समक्ष आया। आचार्य पूज्य श्री जवाहर द्वारा प्रदत्त प्रवचन 'अनाथ भगवान' (सनाथअनाथ निर्णय) में अनाथीमुनि का जीवन-चरित्र पढ़ते हुए राम के मन में भी संकल्प उभरा कि यदि मेरा रोग ठीक हो गया तो मैं दो वर्षों के भीतर-भीतर दीक्षा ले लूँगा। सत्यनिष्ठ इनसान जो कुछ ज्ञान प्राप्त करता है, उसे अपने जीवन में ढालने का पुरुषार्थ करता है, जबकि साधारण इनसान ज्ञान को मात्र मस्तिष्क की खुराक बनाता है, आचरण का ईंधन नहीं।

संकल्प की शक्ति अमाप होती है। संसार में ऐसा कौन-सा कार्य है जो संकल्प से सिद्ध नहीं होता। सफलताएँ संकल्पशाली व्यक्तियों के चरणों में अठखेलियाँ करती हैं। राम का संकल्प परिणाम रंग लाया एवं अनेक औषधियों को अंगूठा दिखा चुका रोग संकल्प मात्र से उपशांत हो गया।

भूलें जीवन की सबसे बड़ी शिक्षिकाएँ हैं। भूल से प्राप्त होने वाली एक बार की असफलता मनुष्य को अनुभव की जिस गहराई तक पहुँचा देती है, सैकड़ों बार की असफलताओं की खुशियाँ कभी उस गहराई तक नहीं पहुँचा सकतीं। महापुरुषत्व किसी माँ की कुक्षि से जन्म नहीं लेता, महापुरुषत्व जीवन के दुर्लभ अनुभवों की पैदाइश हुआ करता है। महापुरुषों के महापुरुषत्व की भूमिका का अध्ययन करें तो वह भूलों एवं असफलताओं से भरा मिलेगा। जीवन के प्रारंभकाल की भूलें बचपन में लगने वाले उन टीकों के समान हैं जो जीवनभर के लिए उस प्रकार की भूल या रोग से प्रतिरोधी शक्ति का निर्माण कर देती है। दो वर्ष बीत गए आजकल पर टालते हुए और दीक्षा नहीं हुई। जैसे ही दो वर्ष की संकल्प सीमा पूर्ण हुई पुन: चर्म रोग भयावह रूप लेकर उभरा। प्रकृति मानो किसी देवी की तरह प्रतिबोध देने को संकल्पित थी। जैसे ही रोग ने भयावह रूप लिया कि राम को अपनी भूल का स्मरण हो गया कि मैंने संकल्प सीमा के भीतर दीक्षा नहीं ली। अब आपका मन दीक्षा हेतु तत्पर हो गया।

आचार्य श्री नानेश का चातुर्मास जयपुर में था। समझ की परिपक्वता के बाद पहली बार राम ने आचार्य श्री नानेश के दर्शन करने का सौभाग्य जयपुर में प्राप्त किया एवं यहीं भवबंधन से मुक्ति का मूल सम्यक्त्व रत्न गुरु के श्रीमुख से स्वीकार किया। संयम की भावनाओं को एक नया वेग मिला। यहाँ से आसाम जाकर पुन: मुमुक्षु राम गुरुचरणों में उपस्थित हुए एवं ज्ञानार्जन करने लगे।

गृहस्थ जीवन एवं मुनि जीवन के बीच का पथ है वैराग्य। वैराग्यकाल कुछ क्षणों से लेकर अनेक वर्षों तक हो सकता है। यह समय जीवन के रूपांतरण का है। विषयों की ओर लपकती इंद्रिय अश्वों को ज्ञान दिशादर्शक थपथपाहट से आत्मशोध के मार्ग पर मोड़ देने की वेला है यह। संयम के प्रासाद की मजबूत नींव का निर्माण इसी समय में हुआ करता है। गृहस्थ भाव एवं संयम भाव की सुखदता की रस्साकसी में कभी एक ओर तो कभी दूसरी ओर झुकते मन को, शांत एकांत क्षणों में उपस्थित होकर, सभी प्रकार के प्रलोभनों एवं दबावों से मुक्त होकर मानव जीवन के वास्तविक विराट उद्देश्य की दिव्यज्योति पर अपलक नेत्र टिकाए हुए, सर्वज्ञों का नि:स्वार्थ उपदेश, प्रतीयमान एवं वास्तविक सुख का भेद, अल्पकालिक सुखाभास एवं शाश्वत स्थायी सत्यसुख का फर्क, दूसरों पर आधारित अत: डोलायमान सुख एवं स्वयं पर आधारित अत: सुनिश्चित सुख

का अंतर इत्यादि विषयों पर गहन चिंतन, मनन एवं मंथन करके संयम की अनिवर्चनीय सुखानुभूति पर स्थिर करके संयम स्वीकार के मार्ग एवं संयम पथ पर आने वाले कष्टों एवं बाधाओं का सामना करने के लिए अपनी समग्र आत्मशक्तियों को घनीभूत करने का समय होता है वैराग्यकाल। मुमुक्षु राम ने वैराग्यकाल से ही स्वयं को साधना प्रारंभ कर दिया। भोजन में अपने प्रियतम आलु का आपने त्याग कर दिया। एक स्थान पर कुछ श्रावकों ने परीक्षा लेने के लिए आपको थली प्रदेश में धूप से तपते रेतीले धोरों पर खड़े होने को कहा। मुमुक्षु राम बिना कुछ विचारे गर्म बालु पर जाकर खड़े हो गए एवं तब तक खड़े रहे जब तक परीक्षा करने वाले श्रावकों ने पुन: बुलाया नहीं। इंद्रिय विजय ही संयमी सुख का केंद्र बिंदु है। इंद्रियों में आसक्त व्यक्ति कदापि सच्चे आत्मसुख का अनुभव नहीं कर सकता।

माघ शुक्ल द्वादशी, संवत् 2031 को मुमुक्षुओं की दीक्षा होने वाली थी। कुछ ही दिन बचे थे। मुमुक्षु राम के भीतर आत्मध्वनि उभरी कि तुम्हें भी इसी तिथि को दीक्षा लेनी है। फिर क्या था आपने जगह-जगह पत्र, तार द्वारा समाचार दे दिए कि मेरी दीक्षा इस तिथि की होनी निश्चित है। पहली गाड़ी से शीघ्र पहुँचे। हालांकि अभी तक आपके पारिवारिकजनों ने आपको दीक्षा की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन आप संकल्प के धनी हैं। आपका आत्मविश्वास बड़ा प्रबल है। पूज्य आचार्य श्री जवाहर ने फरमाया है कि हमारी अनेक भूलों में से एक बहुत बड़ी भूल यह है कि हम अपनी अंतरात्मा की आवाज पर ध्यान नहीं देते है। जिन साधकों ने अपनी अंतर्ध्वनि को सुनने का अभ्यास किया है, जो अपने भीतर की आवाज को पहचानते हैं, उनका आत्मविश्वास बड़ा सशक्त एवं प्रभावी होता है। मुमुक्षु राम का संकल्प रंग लाया एवं पारिवारिकजन भी बहुत कशमकश के बाद अंतत: राजी हुए। जन्मस्थली देशनोक आज दीक्षास्थली में परिणत हो गई।

महासाधक आचार्य श्री नानेश से दीक्षा एवं संयम की शिक्षा पाकर गुरु सेवा एवं गुरु के चित्त को प्रसन्न रखना मुनिराज का उद्देश्य बन गया। अध्ययनादि कार्य भी चलता रहा। अपनी पैनी सूझ-बूझ एवं कार्य कौशल से थोड़े ही दिनों में मुनि राम गुरु नाना के हृदय में बस गए एवं तीन-चार वर्ष की स्वल्प दीक्षा पर्याय होने पर भी गुरु नाना ने संघीय व्यवस्थाओं संबंधी अंतरंग कार्य मुनि राम को सौंप दिए।

मुनि राम नि:स्पृह एवं फक्कड़ संत थे। जीवन स्पष्ट एवं खुली किताब जैसा। जैसा भीतर वैसा बाहर, दिखावे एवं प्रदर्शन से दूर, प्रशंसा की घुड़-दौड़ में आप कभी शामिल नहीं हुए। नाम की चाह के बिना काम को सही तरीके से पूर्ण करना ही आपका ध्येय था। बहुत खेद का विषय है कि आज सर्वस्व त्यागी मुनियों को भी प्रशंसा एवं यश की अतृप्त लालसा ने अपने राक्षसी शिकंजे में दबोच लिया है। जो गुण साधना के विकास के प्रतीक है या परिणाम है या कर्मनिर्जरा के कारण है। यश एवं कीर्ति ने उन सबको अपना पेट बढ़ाने के लिए अपना भोजन बना लिया है। विशिष्ट, विद्वता, कठिन तपस्या, कठोर क्रिया, उग्रविहार, मधुर गायन, प्रेरक प्रवचन, शिष्य समुदाय की बड़ी संख्या, धर्म प्रेरणा कौशल इत्यादि जिनका उपयोग राग-द्वेष को नष्ट करने में, समत्व को विकसित करने में, जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर सिद्धत्व प्राप्त करने में होना चाहिए, किंतु जब हमारे कान स्तुति एवं प्रशंसा के लोलुप बन जाते हैं तो साधक मोक्ष को पीठ दिखाकर प्रशंसात्मक तुच्छ शब्द पाने हेतु ही इन गुणों का उपयोग करने लगता है। मुनि राम का जीवन कुछ अलग ही किस्म की नि:स्पृहता लिए हुए था। आपने नाम एवं यश को कभी सन्मुख नहीं रखा एवं आत्मगुणों की अभिवृद्धि करते हुए निरंतर गुरु एवं शासन की सेवा में स्वयं को लगाए रखा। अहमदाबाद चातुर्मास में आपने मासखमण (एक महीने तक आहार त्याग करना) का तप किया। शासन संबंधी अंतरंग कार्य करते हुए भी अन्य आगमों के अध्ययन में तत्पर रहते।

प्रश्नावली

एक शब्द में उत्तर देवें –

प्रश्न 1. श्रेष्ठ बीज के बिना किसकी परिकल्पना नहीं की जा सकती? .....

प्रश्न 2. भरे-पूरे परिवार में कितने भाई व बहनें थीं? .....

प्रश्न 3. बचपन के मित्रों के साथ खेल में राम ने दृढ़ता के साथ क्या कहा? .....

प्रश्न 4. संसार में यदि दुःख नहीं होता तो क्या अनछुए रह जाते? .....

प्रश्न 5. प्रकृति माता में जन्मदात्री माता से क्या अधिक होती है? .....

प्रश्न 6. किसका जीवन चारित्र पढ़ते हुए राम के मन संकल्प उभरा? .....

प्रश्न 7. संकल्पशाली व्यक्तियों के चरणों में कौन अठखेलियाँ करती है? .....

प्रश्न 8. महापुरुषों के महापुरुषत्व की भूमिका का अध्ययन करें तो वह किससे भरा मिलेगा? .....

प्रश्न 9. समझ की परिपक्वता के बाद राम को पहली बार आचार्य श्री नानेश के दर्शन करने का सौभाग्य कहाँ प्राप्त हुआ? .....

प्रश्न 10. गृहस्थ जीवन एवं मुनि जीवन के बीच का पथ कौनसा है? .....

प्रश्न 11. इंद्रियों में आसक्त व्यक्ति कदापि किसका अनुभव नहीं कर सकता? .....

प्रश्न 12. मुमुक्षु राम ने जगह-जगह पत्र एवं तार द्वारा कौनसी तिथि को अपनी दीक्षा होनी सुनिश्चित बताई? .....

प्रश्न 13. महासाधक आचार्य श्री नानेश से दीक्षा एवं संयम की शिक्षा पाकर मुनिराज का क्या उद्देश्य बन गया? .....

प्रश्न 14. मुनि राम ने चातुर्मास में कौनसे स्थान पर मासखमण तप किया? .....

प्रश्न 15. मुनि राम का जीवन कुछ अलग ही किस्म की लिए हुए था? .....

उत्तर भिजवाने हेतु WhatsApp No. : 9314055390

Email : shramanopasak @sadhumargi.com

अंतिम तिथि
20 मई 2024

> “इस संसार में बहुत से पदार्थ भरे पड़े हैं- ताँबा, पीतल, कांसा, लोहा आदि, किंतु चुंबक घुमेगा तो किसे आकृष्ट करेगा? केवल लोहे को। वैसे ही हम जहाँ भी हों, कहीं भी घूमें, किंतु जो जीवन के लिए उपयोगी है उसे ही आकर्षित करें। इस प्रकार गुरु का अवतरण अपने भीतर कर लें। गुरु के ज्ञान से, लौ से रगड़ करेंगे तो हमारे भीतर भी ज्ञान पैदा होगा। आप कहेंगे हमारे भीतर दीप कहाँ है, बाती कहाँ है? भले ही नहीं है, पर जैसे एरंड की लकड़ी या चकमक पत्थर के दो टुकड़े जब आपस में रगड़े जाते हैं तो उस रगड़ से आग पैदा हो जाती है। विद्युत के लिए भी कहा गया है कि संघर्ष-रगड़ से आग पैदा हो जाती है। उसी प्रकार आवश्यक है कि गुरु के ज्ञान से हमारे ज्ञान की रगड़ हो जाए।
>
> **-परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा.**

राम चमकती भानु समाना

विविध समाचार

✧✧✧✧✧✧✧ मेवाड़ अंचल ✧✧✧✧✧✧✧

आयड़ (उदयपुर)। शासन दीपिका साध्वी श्री अक्षिता श्री जी म.सा. आदि ठाणा-4 का 20 मार्च को भूपालपुरा से आयड़ स्थित ऋषभ भवन में मंगल प्रवेश हुआ। आपश्री जी के सान्निध्य में प्रतिदिन प्रार्थना, प्रवचन, दोपहर में धार्मिक कक्षा और रात्रि प्रतिक्रमण व संवर आराधना तथा दोपहर में ज्ञानार्जन का ठाठ लगा रहा। साध्वी श्री सौम्यसुगंधा श्री जी म.सा. द्वारा प्रार्थना पश्चात् प्रवचन सभा में श्री निर्वेद श्री जी म.सा. ने विनीत शिष्य की विशेषताओं एवं लाभ पर प्रकाश डाला।

शासन दीपिका साध्वी श्री अक्षिता श्री जी म.सा. ने श्रावक जीवन के छह आवश्यक एवं इनसे होने वाले लाभ पर सारगर्भित विवेचना फरमाई। फाल्गुनी चातुर्मासिक पर्व के दौरान दोपहर में महिलाओं के लिए **'बिंदु से सिंधु'** विषय पर त्रि-दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 45 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। साध्वीवर्याओं की विशेष प्रेरणा से रात्रि संवर की आराधना के साथ-साथ विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए। रविवारीय समता शाखा का आयोजन भी किया गया। आपश्री जी ने नौ दिवस आयड़ क्षेत्र में धर्म लाभ प्रदान कर 28 मार्च को गणेश नगर क्षेत्र की ओर विहार किया। **-दीपक मोगरा**

उदयपुर। आचार्य श्री नानेश ध्यान केंद्र, भारतीय प्राकृत स्कॉलर्स सोसायटी तथा जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 7 अप्रैल को समीक्षण ध्यान योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 60 शिविरार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजक संस्थाओं के पूर्व संयोजक, अध्यक्ष, महामंत्री सहित अनेक गणमान्यजनों ने अपने भाव व्यक्त किए। योग शिक्षक डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने समीक्षण योगासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया। **-डॉ. सत्यनारायण शर्मा**

उदयपुर। साधुमार्गी जैन संघ द्वारा 14 अप्रैल को **'राम आए थे'** भव्य कार्यक्रम विद्या निकेतन सेक्टर-4 में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत प्रात: समता शाखा, फिर **'राम आए थे'** विषय पर साध्वीवर्याओं का उद्बोधन एवं उसके बाद **'एक एक मिल बना संघ यह'** महत्तम कार्यशाला आयोजित की गई।

आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. का चातुर्मास वर्ष 2022 में उदयपुर में संपन्न हुआ था। इस चातुर्मास ने इतिहास रच गया था। उस वर्ष को उदयपुरवासी कभी विस्मृत नहीं कर पाएँगे। उन्हीं लम्हों के साथ यह आयोजन किया गया। आयोजन में 1000 से अधिक साधुमार्गी सदस्यों की उपस्थिति रही।

साध्वी श्री अक्षिता श्री जी म.सा. ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में फरमाया कि संसार में विश्वास का बड़ा महत्त्व है। हम सभी की आस्था राम गुरु में है, जो विश्वास के सहयोग से है। भक्त प्रभु से माँगते-माँगते नहीं थकता एवं प्रभु अपने भक्तों को देते-देते नहीं थकते।

जावरा से पधारे ओजस्वी वक्ता अतुल जी पगारिया ने कहा कि आज का आयोजन बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। **'राम आए थे'** कार्यक्रम आयोजित किया है, पर राम क्यों आए थे? उस उद्देश्य को स्मृति में रखकर सभी को अपना आध्यात्मिक उत्थान करना है।

आयोजन में ज्ञान, दर्शन, तप, त्याग के संकल्प पत्र के साथ ही **'अनुभूति के क्षण - राम गुरु के संग'** नामक एक पत्र भी सभी सदस्यों ने लिखा, जिसमें राम गुरु के प्रति अपनी आस्था को व्यक्त किया गया।

साधुमार्गी जैन संघ के मंत्री ने नि:शुल्क स्थान उपलब्ध करवाने हेतु विद्या निकेतन प्रशासन को

धन्यवाद के साथ आयोजन को सफल बनाने हेतु समता युवा संघ की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

-अल्पेश धाकड़

✧✧✧ बीकानेर-मारवाड़ अंचल ✧✧✧

देशनोक। शासन दीपक श्री चंद्रेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा-3 के सान्निध्य में फाल्गुनी चातुर्मासिक पर्व पर त्याग-तप सहित चातुर्मासिक पक्खी की आराधना की गई। संतवृंद का नोखा की दिशा में विहार हुआ है।

महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्षा, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय कोषाध्यक्षा सहित अनेक पदाधिकारियों का प्रवास के क्रम में यहाँ पधारना हुआ। आपने महिला समिति की विभिन्न प्रवृत्तियों एवं महत्तम महोत्सव से जुड़ने की प्रेरणा दी।

मुमुक्षु भाई सौरभ जी संचेती एवं मुमुक्षु बहन प्रणिता जी बाफना का क्रमशः 30 एवं 31 मार्च को पधारना हुआ। आप द्वय का भव्य अभिनंदन संघ की ओर से किया गया।

शासन दीपिका साध्वी श्री निष्ठा श्री जी म.सा. आदि ठाणा-3 का 03 अप्रैल को पदार्पण हुआ। साध्वी श्री भवपार श्री जी म.सा. का दीक्षा के पश्चात् प्रथम बार अपनी जन्मभूमि पर आगमन होने से स्थानीय श्रावक-श्राविकाओं में विशेष उल्लास देखा गया। साध्वीवृंद के तीन दिवसीय प्रवास को क्रमशः सामायिक दिवस, स्वाध्याय दिवस एवं मौन दिवस के रूप में मनाया गया। **-आशीष बुच्चा**

लूणकरणसर। शासन दीपिका साध्वी श्री प्रशांत श्री जी म.सा. आदि ठाणा-4 के पावन सान्निध्य में 17 से 21 मार्च तक प्रार्थना, प्रवचन, स्वाध्याय एवं तप-त्याग का ठाठ लगा रहा। इस दौरान श्रावक-श्राविकाओं ने दर्शन-सेवा, ज्ञानचर्चा, प्रतिक्रमण, एकासन आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समता भवन में लगभग प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। एकासन की लड़ी का क्रम चला।

-ओमप्रकाश बरड़िया

उदयरामसर। शासन दीपक श्री विनय मुनि जी म.सा. आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में समता भवन में प्रार्थना, प्रवचन एवं ज्ञानार्जन का ठाठ लगा रहा। उभयकाल प्रतिक्रमण एवं रात्रि ज्ञानचर्चा व स्वाध्याय में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 12 मार्च को आचार्य श्री रामेश का युवाचार्य पदारोहण दिवस एवं उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा. का उपाध्याय पदारोहण दिवस अपूर्व धर्मोद्योत के साथ मनाया गया। फाल्गुनी चातुर्मासिक पर्व में आस-पास सहित अनेक क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने पधार कर धर्माराधना का लाभ लिया। एकासना, बियासना, आयंबिल, उपवास, तेला आदि विभिन्न तपस्याओं के साथ विजय कुमार जी सांड, देशनोक वालों के 31 मार्च को मासखमण तप पूर्ण हुआ। सायर देवी रतनलाल जी बोथरा ने आजीवन शीलव्रत ग्रहण किया। मुमुक्षु भाई सौरभ जी संचेती एवं मुमुक्षु बहन प्रणीता जी बाफना ने दर्शन-सेवा का लाभ लिया। एक अलग कार्यक्रम में आप द्वय का भावभीना सम्मान संघ द्वारा किया गया। **-नवरतन सिपानी**

गंगाशहर-भीनासर। महत्तम महोत्सव के अंतर्गत जैन जवाहर विद्यापीठ में महिला मंडल की ओर से केशरिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 30 महिलाओं ने भाग लिया। 07 मार्च को मधुर भजनों के कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया।

शासन दीपक श्री रमेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा-4 एवं शासन दीपिका साध्वी श्री निखार श्री जी म.सा. आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में 12 मार्च आचार्य श्री रामेश युवाचार्य पदारोहण दिवस एवं उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा. के उपाध्याय पदारोहण दिवस को तप, स्वाध्याय, सामायिक सहित मनाया गया। प्रवचन पश्चात् सामूहिक नवकार मंत्र जाप किया गया।

उपस्थित चारित्रात्माओं सहित अनेक वक्ताओं ने महापुरुषों का गुणगान किया। **-प्रमिला देवी बोथरा**

✧✧✧✧ जयपुर-ब्यावर अंचल ✧✧✧✧

ब्यावर। श्री नरेंद्र मुनि जी म.सा. आदि ठाणा-5 एवं शासन दीपिका साध्वी श्री रोशन कंवर जी

म.सा. आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में 24 मार्च को फाल्गुनी चातुर्मासिक पर्व तप-त्याग, संवर-पौषध के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर श्री शोभन मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि हमको जीवन का उद्देश्य पता होना चाहिए। भूत, भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान में जीना सीखें। वर्तमान में जीने वाला वर्धमान बनता है।

साध्वी श्री पराग श्री जी म.सा. ने फरमाया कि अपने अहंकार को छोड़कर रिश्तों को बचाया जा सकता है। होली हमें यही संदेश देती है कि किसी का अपमान, तिरस्कार नहीं करें। एक-दूसरे की टांग खिंचाई नहीं कर सहयोग करके कर्मों की निर्जरा कर सकते हैं। 25 मार्च को धुलंडी के प्रसंग पर आपश्री जी ने फरमाया कि आज के दिन आत्मा पर जो पाप का मैल चढ़ा है उसे एवं अन्य दुर्व्यसनों को हटाना है। आपश्री जी ने ***'होली खेलिए सज्जन सब मिलकर'*** भजन प्रस्तुत कर सभी को आत्मविभोर कर दिया।

साध्वी श्री प्रज्ञा श्री जी म.सा. ने फरमाया कि हमें जन्म-मरण से मुक्त होना है तो महावीर के पथ पर चलना होगा।

अनेक जनों ने पौषध, संवर किए व प्रतिक्रमण के बाद श्री शोभन मुनि जी म.सा. ने क्षमायाचना का प्रसंग उपस्थित किया। **-नोरतमल बाबेल**

✧✧✧✧✧✧ मध्य प्रदेश अंचल ✧✧✧✧✧✧

इंदौर। आचार्य श्री रामेश सुवर्ण दीक्षा महामहोत्सव शिखर वर्ष के उपलक्ष्य में 21 फरवरी को युवा पीढ़ी के आध्यात्मिक विकास हेतु यंग श्रुतम् क्लासेज का शुभारंभ शासन दीपिका साध्वी श्री श्रीकांता श्री जी म.सा. के आशीर्वचन पश्चात् वरिष्ठजनों, पदाधिकारीगणों, सदस्यों एवं महिला मंडल की उपस्थिति में किया गया। इस कक्षा में 18 से 45 वर्ष के ज्ञानपिपासु ज्ञानार्जन कर रहे हैं एवं अन्य भी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रत्येक रविवार को समता शाखा के पश्चात् इस कक्षा का आयोजन होता है, जिसमें चारित्रात्माओं का सान्निध्य भी प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर संघ, महिला मंडल एवं समता युवा संघ के संरक्षक, अध्यक्ष, मंत्री सहित अनेक महानुभावों ने शुभकामनाएँ दीं।

-आभा डूंगरवाल

✧✧✧ कर्नाटक-आंध्र प्रदेश अंचल ✧✧✧

अलसूर, बेंगलुरु। शासन दीपिका साध्वी श्री अर्चना श्री जी म.सा. आदि ठाणा-4 के पावन सान्निध्य में फाल्गुनी चातुर्मासिक पर्व धर्म-ध्यान, त्याग-तप के साथ महावीर भवन में मनाया गया। इस अवसर पर साध्वीवर्या के श्रीमुख से '**जन से जैन और जैन से जिन**' विषय पर सात दिवसीय प्रवचन शृंखला में श्रावक-श्राविकाओं ने अपूर्व धर्म लाभ प्राप्त किया। प्रतिदिन प्रात:, मध्याह्न एवं रात्रि कक्षाओं का सफल आयोजन हुआ। युवा संघ ने होली नहीं खेलकर आदर्श उपस्थित किया। श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ की ओर से मंत्री ने कृतज्ञता के भाव व्यक्त करते हुए साध्वीवर्याओं के सान्निध्य को अविस्मरणीय बताया। **-अभय कुमार बांठिया**

बालक आगम ने स्वाध्यायी सेवा से किया गौरवान्वित

खिरकिया। समता संस्कार पाठशाला के होनहार 15 वर्षीय बालक आगम रितेश जी राँका ने इस बार फाल्गुनी चातुर्मासिक पर्व पर तीन दिन समता प्रचार संघ के माध्यम से कानवन (म.प्र.) में स्वाध्यायी सेवा देकर धर्म-ध्यान, तप-त्याग का अपूर्व ठाठ लगाया।

बालक आगम ने तीनों दिन धर्मसभा में गद्य और पद्य में प्रवचन दिया। पौषध में भी पूर्ण ऊर्जा के साथ सभी गतिविधियाँ संपन्न करवाई। बालक आगम ने रियल रामेश रत्नम् प्रतियोगिता में रतलाम में प्रथम स्थान एवं नीमच में हुई प्रतियोगिता में देशभर में दूसरा स्थान स्थान प्राप्त किया था।

-पूजा शाह

राम चमकते भानु समाना

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

द्वितीय कार्यसमिति बैठक

मंगलवाड़ चौराहा, 25 मार्च 2024, दोपहर 12.15 बजे। श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के गौरवशाली राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की अध्यक्षता में सत्र 2023-25 की द्वितीय कार्यसमिति बैठक यू.एस. ओस्तवाल साइंस, आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, मंगलवाड़ चौराहा (राजस्थान) में संपन्न हुई, जिसका सत्रारंभ लगभग 112 सदस्यों की उपस्थिति में नवकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण एवं संघ समर्पणा गीत के सहगान के साथ हुआ।

राष्ट्रीय महामंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संघ सेवा का यह सुअवसर मिला है। संघ के प्रत्येक सदस्य को इससे जोड़ते हुए संघ को विकास की दिशा में अग्रसर करना है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समग्र रूप से प्रयास करने हेतु प्रेरणा दी। आपने 20 जनवरी 2024 को जावद में संपन्न विगत कार्यसमिति बैठक का कार्यवृत्त, संघ सदस्यता, संघ प्रवृत्तियों एवं विकास का प्रगति प्रतिवेदन PPT के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिस पर संपूर्ण सदन ने स्वीकृति प्रदान की।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने आगामी वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने सर्वानुमति से पारित किया। तदुपरांत अध्यक्षीय अनुमति से विविध विषयों (जैसे- श्रमणोपासक व साहित्य प्रभारी की नियुक्ति, जैन समाज जमीन आवंटन, धार्मिक जगह से 200 मीटर क्षेत्र में अंडा, मांस, शराब की दुकानें बंद करवाने हेतु पत्र, संघ साधक डाटा को ग्लोबल कार्ड से जोड़ना, लाभम् व सिद्धिम् समुद्देशीय संस्थाओं में ट्रस्टीगण का चयन, विहार सेवा संयोजन सदस्यता का परिचय श्रमणोपासक में देना, संघ संपत्ति आनंद सागर की चार दीवारी बनवाने इत्यादि अन्य कई विषयों) पर चर्चा की गई।

इसी क्रम में समता जनकल्याण प्रन्यास के अंतर्गत ऑपरेशन के अलावा इंप्लांट सर्जरी व रेगुलर मेडिसिन आदि की सहायता व समता जनकल्याण प्रन्यास के बैंक एकाउंट में नए पदाधिकारियों के हस्ताक्षर सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर भी सदन ने स्वीकृति प्रदान की।

प्रवृत्तिवार प्रस्तुति के क्रम में साहित्य संयोजक व सभी उपस्थित पदाधिकारीगणों द्वारा **'नयतां वरः'** नवीन साहित्य का विमोचन किया गया। तत्पश्चात् दानपेटी योजना, धर्मपाल प्रचार-प्रसार समिति, इदं न मम, साहित्य विभाग आदि प्रवृत्तियों के संयोजकों ने अपनी प्रस्तुति दी।

आंचलिक प्रतिवेदन के रूप में मध्य प्रदेश अचंल, जयपुर-ब्यावर अंचल, बीकानेर-मारवाड़ अंचल के उपाध्यक्ष/मंत्रीगणों से अंचलवार समीक्षा सदन में प्रस्तुत की। महत्तम शिखर के बजट पर निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने अपने विचार रखे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ एक केंद्रीयकृत प्रणाली के अनुसार कार्य कर रहा है, जिसमें संघ की सभी प्रवृत्तियों, सदस्यों एवं पदाधिकारियों के बीच समन्वयात्मक रूप से कार्य संपादित हो सके इसके लिए आप सभी अपना सहयोग प्रदान करावें।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नानेश निकेतन, रतलाम के संयोजक जी ने कहा कि गुरुदेव की महती कृपा से होली चातुर्मास मंगलवाड़ चौराहा संघ को प्राप्त हुआ, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। आपने महत्तम शिखर को सफल बनाने हेतु भी अपने विचार रखे।

बैठक के अंत में राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष ने आभार अभिव्यक्ति के साथ संघ की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों/परिवारों को संघ के प्रत्येक गतिविधि से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात् संघ समर्पणा गीत के सामूहिक गान के साथ बैठक का समापन हुआ।

-राष्ट्रीय महामंत्री

दानपेटी योजना

नियमित दान बने स्वभाव

मंगलवाड़ चौराहा में 25 मार्च 2024 को आयोजित श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ की कार्यसमिति बैठक के दौरान संघ के गौरवशाली राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने दानपेटी योजना पर प्रकाश डालते हुए फरमाया कि संघ की प्रत्येक प्रवृत्ति आत्मनिर्भर बने। निरंतर संपर्क और समन्वय भाव से परिणाम निश्चित रूप से निकलता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण '**दानपेटी योजना**' के रूप में हमारे सामने है। अभी हम सभी ने PPT के माध्यम से स्क्रीन पर देखा कि कितने कम समय में इस प्रवृत्ति ने परिणामों को प्राप्त किया और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ी। हर परिस्थिति में अथक परिश्रम करते हुए टारगेट तय कर सराहनीय टीम वर्क किया, परिणाम हम सभी के सामने है। जिस प्रकार दानपेटी योजना ने लक्ष्य प्राप्त किए हैं उसी प्रकार अन्य प्रवृत्तियों का भी लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकेगा।

राष्ट्रीय पदाधिकारीगणों व दानपेटी योजना टीम द्वारा लोगो का लोकार्पण

आपने **इदं न मम** एवं **दानपेटी योजना** में अंतर व उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए निवेदन किया कि यह विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के लिए आवश्यक है। संघ का प्रत्येक घर दानपेटी योजना के माध्यम से सीधे केंद्रीय संघ से जुड़े। सभी का केंद्रीय संघ के प्रति समर्पित दृष्टिकोण हो। दानपेटी योजना की टीम बहुत ही सराहनीय कार्य करते हुए घर-घर में दानपेटी लगाने के कार्य को पूर्ण करने हेतु सतत प्रयत्नशील है।

ऊर्जावान राष्ट्रीय महामंत्री जी ने कहा कि दानपेटी योजना के राष्ट्रीय संयोजक जी एवं उनकी टीम ने मिलकर जिस ऊर्जा के साथ एक माह का संकल्प लेकर यह कार्य संपादित किया है, वह प्रशंसनीय है। इस प्रकार अन्य प्रवृत्तियाँ भी लक्ष्य प्राप्त कर सकती हैं। आपने इस कार्य की सराहना करते हुए दानपेटी योजना की पूरी टीम को बधाई एवं साधुवाद दिया।

लीडरशिप ओरिएंटेशन ट्रेनर श्वेता जी बच्छावत ने कहा कि हमें संघ की सभी प्रवृत्तियों पर कार्य की सोच को बदलते हुए लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। जिस प्रकार दानपेटी योजना में '**काम वही सोच नई**' पद्धति से कार्य किया जा रहा है उसी प्रकार प्रत्येक संघ ने स्वयं दानपेटियाँ लगाकर एक आदर्श प्रस्तुत किया है।

दानपेटी योजना के राष्ट्रीय संयोजक जी ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 31 दिसंबर 2023 तक दानपेटियों से लगभग 22.53 लाख की सहयोग राशि प्राप्त हुई। इस राशि को 31 मार्च 2024 तक 40 लाख रुपए तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया, जिसे लगभग 30 लाख रुपए और एकत्रित कर कुल 52 लाख रुपए से अधिक राशि संग्रहित कर केंद्रीय संघ में जमा करवाई गई। 18 फरवरी से 19 मार्च 2024 तक 3000 नई दानपेटियाँ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे लगभग 4800 दानपेटियाँ लगाकर टीम के प्रयासों से पूर्ण किया गया। संयोजक मंडल के सभी सदस्य, अंचल संयोजक, स्थानीय प्रभारी एवं टीम के अथक पुरुषार्थ से

जो प्रशंसनीय कार्य हुआ है, इसके लिए प्रबल पुरुषार्थ करने वाली दानपेटी योजना टीम को अंतर्मन से साधुवाद।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारियों, गणमान्यजनों के साथ दानपेटी योजना टीम ने दानपेटी योजना के लोगो का लोकार्पण किया।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दान के संस्कारों को सींचना है। घर में मनाए जाने वाले प्रत्येक विशेष दिवस की शुरुआत दान से हो ताकि जन-जन में दान की प्रवृत्ति बढ़े। इसलिए दानपेटी को ऐसे स्थान पर रखें, जहाँ परिवार के सभी सदस्यों की दृष्टि सरलता से पहुँचती हो। हमारे द्वारा जिस राशि का त्याग दान के रूप में किया जाता है उससे हमारे धन में कोई कमी नहीं होती। अत: हम सभी को नियमित दान को स्वभाव में लाना चाहिए।

दिनांक 11 से 13 अप्रैल को जयपुर-ब्यावर अंचल प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी, राष्ट्रीय महामंत्री जी, दानपेटी योजना राष्ट्रीय संयोजक, आंचलिक उपाध्यक्ष,

मंत्री सहित कार्यकारिणी सदस्यों एवं स्थानीय पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में दानपेटियों का वितरण किया गया। वक्ताओं ने इस योजना पर प्रकाश डालते हुए संघ के प्रत्येक घर में दानपेटियाँ लगाने का निवेदन किया।

-आभा डूंगरवाल

'नयतां वर:' का विमोचन संपन्न

परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के ब्यावर चातुर्मास के प्रवचनों पर आधारित नवीन साहित्य '**नयतां वर:**' का विमोचन 25 मार्च को मंगलवाड़ चौराहा (राज.) स्थित यू.एस. ओस्तवाल कॉलेज के ऑडिटोरियम में श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ की कार्यकारिणी बैठक के दौरान मुमुक्षु सौरभ जी भूरा एवं उपस्थित पदाधिकारियों के करकमलों से संपन्न हुआ।

साधुमार्गी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में ब्यावर में सन् 2021 में आचार्यश्री द्वारा फरमाए गए कुछ प्रवचनों को संकलित किया गया है। पुस्तक के माध्यम से पाठकगण स्वयं को उत्तम, श्रेष्ठ, सुरक्षित तरीके से आनंदमय सिद्धि स्थान तक पहुँचा सकते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

विमोचन कार्यक्रम में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कई शिखर और महाप्रभावक सदस्य, वीर परिवार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

-संयोजक, साधुमार्गी पब्लिकेशन

विविध भेंट मार्फत

01 मार्च से 25 मार्च 2024

संघ सदस्यों द्वारा समय-समय पर संघ की विभिन्न गतिविधियों में आर्थिक सहयोग हेतु भेंट राशि प्रदान की जाती है, ताकि विभिन्न गतिविधियाँ, प्रवृत्तियाँ निर्विघ्न गतिमान रहें। इसी कड़ी में विभिन्न प्रवृत्तियों में उदार महानुभावों के सौजन्य से प्राप्त भेंट का उल्लेख आपके समक्ष है –



संघ महाप्रभावक सदस्यता (सौजन्य से प्राप्त)

11,00,000/- संतोष देवी मोदी, भिलाई

3,00,000/- गुप्तदान, बंगईगाँव

2,20,000/- कमलचंद जी बैद, मुंबई

2,20,000/- दिलीप जी ओस्तवाल, कलंगपुर

महत्तम महोत्सव (सौजन्य से प्राप्त)

7,00,000/- पूरणमल जी शाह, अहमदाबाद

2,50,000/- केशर देवी कांकरिया, कोलकाता

2,00,000/- मदनलाल जी पारख, राजनांदगाँव

1,00,000/- छाऊ देवी दूल्हराज रांका फाउंडेशन (शांतिलाल जी, गौतम जी, संपत जी रांका), जयनगर/मुंबई

1,00,000/- अनिल जी मनोज जी नवीन जी देशलहरा, दुर्ग

1,00,000/- लालचंद जी डागा, कोलकाता

25,000/- संजय जी रोशन जी पारख, नोखा/गुवाहाटी

समता भवन प्रवृत्ति (सौजन्य से प्राप्त)

समता भवन, हावड़ा

39,00,000/- समता युवा संघ, हावड़ा

समता भवन, रावतसर

1,00,000/- केशर देवी कांकरिया, कोलकाता

समता भवन, सवाई माधोपुर

51,000/- निश्चल जी कांकरिया, कोलकाता

समता भवन, संगरिया

50,000/- छाऊ देवी दूल्हराज रांका फाउंडेशन (शांतिलाल जी, गौतम जी, संपत जी रांका), जयनगर/मुंबई

50,000/- केशर देवी कांकरिया, कोलकाता

50,000/- जबर देवी दीपचंद जी दस्साणी चैरिटेबल ट्रस्ट

50,000/- किशोर जी बैद, रायपुर

25,000/- राजकुमार जी नाहर, जयपुर

25,000/- शांतिलाल जी सिंघवी, पाली

समता भवन, लूणकरणसर

31,000/- गुप्तदान

16,000/- राजेश जी मुदित जी बच्छावत, भीनासर

समता भवन, खोर

30,000/- नथमल जी जसकरण जी तातेड़, करीमगंज

30,000/- छाऊ देवी दूल्हराज रांका फाउंडेशन (शांतिलाल जी, गौतम जी, संपत जी रांका), जयनगर/मुंबई

30,000/- केशर देवी कांकरिया, कोलकाता

30,000/- जबर देवी दीपचंद जी दस्साणी चैरिटेबल ट्रस्ट

30,000/- किशोर जी बैद, रायपुर

15,000/- मनोज जी डागा, कोलकाता

15,000/- शांतिलाल जी सिंघवी, पाली

समता भवन, चिकलाकसा

11,000/- शांतिलाल जी सिंघवी, पाली

संघ सहयोग

5,00,000/- ललित जी डागा, कोलकाता (पुत्री मुमुक्षु सुश्री रिया जी डागा की दीक्षा के उपलक्ष में)

11,000/- श्रेयांश जी अरविंद जी सालेचा, जयपुर

5,100/- निर्मल जी सरला देवी बोथरा (पौत्र हितार्थ सुपुत्र सिद्धार्थ जी-श्वेता जी के प्रथम जन्मोत्सव पर)

3,100/- हेमराज जी मुणोत, अजमेर

2,800/- केशर देवी कांकरिया, कोलकाता

साधुमार्गी पब्लिकेशन सहयोग (सौजन्य से प्राप्त)

5,00,000/- संजय जी कटारिया, रतलाम (डी.पी. आभूषण लिमिटेड)

1,000/- मदनलाल जी ललिता देवी मनीष जी प्रियंका जी मोहित जी सुमन जी श्रीश्रीमाल, चित्तौड़गढ़ (ओजस्वी श्रीश्रीमाल के प्रथम जन्मदिवस पर)

888/- नेहा जी जैन, जोधपुर

इदं न मम (सौजन्य से प्राप्त)

11,00,000/- जयचंदलाल जी डागा, बीकानेर

7,00,000/- छाऊ देवी दूल्हराज रांका फाउंडेशन (शांतिलाल जी, गौतम जी, संपत जी रांका), जयनगर/मुंबई

5,00,000/- अनिल जी मांगीलाल जी पारख, रायपुर

1,50,000/- धीरज जी सिपानी, बेंगलुरु

1,00,000/- केशर देवी कांकरिया, कोलकाता

51,000/- रतनचंद जी देवराज जी सांखला, नवापारा राजिम/धमतरी

51,000/- उगमा देवी हजारीमल जी भूरा, नोखा/जांगलू

51,000/- सुरेश कुमार जी नांदेचा, खाचरौद

42,000/- सुभाषचंद जी छाजेड़, दुर्ग

41,000/- सागरमल जी मोहनलाल जी चोरड़िया, चेन्नई

38,100/- नैनेश जी रजनीकांत जी कामदार, अमलनेर

31,000/- विमला देवी गौतमचंद जी बैद, जगदलपुर

22,400/- श्री साधुमार्गी जैन संघ, नागपुर

21,000/- नेमीचंद जी पारख, जोधपुर

21,000/- स्वरूपचंद जी नवीन जी चोरड़िया, खैरागढ़

21,000/- जैन फूड प्रोडक्ट (अनिल जी संखलेचा), नोखा

20,600/- पवन जी कांकरिया, बेंगलुरु

20,400/- रवि कुमार जी दस्साणी, गुवाहाटी

15,000/- पूनमचंद जी बरड़िया, महासमुंद

13,200/- कमला बाई डागा, खेरली (जयपुर)

11,000/- प्रदीप जी सोनावत, नई दिल्ली

11,000/- मांगीलाल जी सागरमल जी कटारिया, रावटी

11,000/- झमकलाल जी अनिल कुमार जी चोरड़िया, खाचरौद

11,000/- सुनील कुमार जी बंब, टोंक

11,000/- प्रकाशचंद जी भंडारी, चेन्नई

11,000/- संतोषचंद जी ताराबाई पारख, नयापारा

11,000/- प्रकाशचंद जी राजू जी गिड़िया, नयापारा राजिम

11,000/- अरविंद कुमार जी आंचलिया, दलखौला

11,000/- सुरेशचंद जी सिंघवी, गंगापुर

11,000/- गौतमचंद जी सुराणा, कटिहार

11,000/- कांतिलाल जी जुहारमल जी कटारिया, रावटी (रतलाम)

11,000/- कमला बाई चोरड़िया परिवार, बालाघाट

